उसके बाद हम बरसाना स्थित 'राधारानी मंदिर' के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। यह मंदिर भी एक पहाड़ी पर बना हुआ था जहाँ पहुँचते- पहुँचते दोपहर हो गई थी। सूर्य भी आकाश में अपना प्रखर रूप दिखाने लगा था। ड्राइवर ने हमें एक बड़े- से चौक पर उतारा और एक सड़क की ओर इशारा करके बता दिया कि यही सड़क सीधे मंदिर तक जाती है, वहाँ से सड़क के दोनों ओर छोटे- छोटे पेड़ दिखाई दे रहे थे। यहाँ से मंदिर लगभग एक किलोमीटर दूर था। ड्राइवर ने हमें गाड़ी में ही जूते-चप्पल उताने की सलाह दी, सलाहनुसार हमने वहीं अपने जूते- चप्पल उतारे और नंगे पैर राधारानी के दर्शन करने के लिए चल पड़े। आधा रास्ता पार करने के बाद हमने पाया कि पेड़ों के बीच का अंतराल बहुत बढ़ गया है, और दोपहर की तेज धूप के कारण तारकोल से बनी सड़क आग की तरह तपी हुई है। थोड़ा और चलने पर हमारे पैर जलने लगे और सड़क पर पैर का तलवा टिकाना भी मुश्किल हो गया, सड़क के बाहर दोनों ओर पड़ा रेत भी बहुत गर्म हो गया था। अब हम वहां से न वापिस जा सकते थे और न आगे चला जा रहा था। रेत पर पैर रखें तो वो गर्म और सड़क पर रखें तो वो भी गर्म। समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करे? तभी मैंने देखा कि थोड़ी दूरी पर सड़क के किनारे एक छोटा- सा पेड़ है जिसकी छाया में हमारी कुछ छात्राएं खड़ी हैं, अच्छी बात यह थी कि उन्होंने पैरों में चप्पल पहन रखी थी, हम भागकर वहां पहुंचे और कुछ देर के लिए उनकी चप्पल हमने पहन ली लेकिन अब उनके पैर जल रहे थे। फिर हमने तय किया कि कुछ दूर हम चप्पल पहन कर चलें और कुछ दूर वो। इस तरह हम जलते- भूनते पैरों से मंदिर पहुंचे, जब हमने ये सब उषा मैम को बताया तो वे तुरंत हमें मंदिर के पिछले भाग में ले गईं और वहाँ पानी से भरे एक बड़े से होद में हमें कुछ देर के लिए अपने पैर डुबो कर रखने के लिए कहा। तब हमने सीख ली कि आगे की यात्रा में चलने से पहले सड़क के तापमान की जाँच- पड़ताल जरुर करेंगे। खैर राधारानी मंदिर में भीड़ ज्यादा नहीं थी। हमने आराम से राधारानी के दर्शन किए, प्रसाद लिया, ठंडी- ठंडी लस्सी पी, लस्सी पीकर सब अपने- आप को तरोताजा महसूस कर रहे थे। तीन बज चुके थे और अब हमें पांच बजे तक यमुना आरती में शामिल होने के लिए वृन्दावन पहुँचना था।

वृन्दावन में थोड़ी देर विश्राम कर शाम को हम यमुना आरती में पहुंच गए। आरती का दृश्य बहुत सुन्दर और देखने लायक था। आरती के साथ बजने वाली घंटियों की आवाज तो बहुत ही मनमोहक थी। वहां के पुजारियों ने हम सब को पूजा- सामग्री से सजी एक थाली दी। खास बात यह थी कि पुजारियों ने इसके लिए कोई दक्षिणा नहीं ली, उनका निस्वार्थ भाव से एक छड़ी के माध्यम से दीयों को यमुना के बहते पानी में रखवाना, मछलियों के लिए आटे की गोलियों को पानी में फैंकवाना, वाकई मन को संतोष देने वाला था। यमुना आरती में शामिल होकर हम अपने आपको भाग्यशाली समझ रहे थे। लगभग एक घंटा बिताने के बाद जब हम यमुना नदी के किनारे बने पुराने घाटों से होते हुए वापिस आ रहे थे तो रास्ते में बहुत बन्दर थे। बन्दर जिस होशियारी से लोगों के हाथों से

सामान छीन रहे थे और चश्मा उतार रहे थे, वह सब देखकर थोड़ी देर के लिए तो हम डर ही गए, लेकिन बाद में खूब हँसे। तभी अचानक घाटों की ओर से एक तेज धूल भरा हवा का तेज झोंका आया और हमारे बीच से निकल गया।

हमारा अगला दर्शनीय स्थल प्रेम मंदिर था। तब तक अँधेरा हो चुका था। बहुत विशाल और भव्य प्रेम मंदिर रंग- बिरंगी लाईटों के कारण अँधेरे में भी जगमगा रहा था। संगीतमय फव्वारें एवं बिजली की रोशनी से उत्पन्न सौंदर्य को देख कर हम आश्चर्यचकित थे। मंदिर के भीतरी भाग को फूलों से सजाया हुआ था, भगवान कृष्ण के जन्म से जुड़ी अनेक घटनाओं को सुन्दर एवं सजीव झांकियों के रूप में संयोजित किया हुआ था, गोवर्धन पर्वत और रासलीला वाली झांकी सबके आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। यह दृश्य इतना अद्‌भुत था कि किसी भी लड़की का वहां से जाने का मन ही नहीं कर रहा था। इस्कॉन मंदिर भी पास में ही था, जहाँ कृष्ण- भक्त विदेशी युवतियों का देसी भजनों पर नृत्य करना बहुत मनभावन था। मंदिर में ही उपहारों की एक दूकान थी जहाँ से हमने अपने प्रियजनों के लिए कुछ उपहार और प्रसाद ख़रीदा। उस दिन का अंतिम दर्शनीय स्थल बाँके बिहारी मंदिर था। रात का समय होने के कारण भीड़ नहीं थी, हमने बाँके बिहारी के दर्शन किए और वहां से पैदल ही शांति कुञ्ज के लिए चल दिए। पैदल चलकर आने में हमें जो आनंद आया वह अवर्णनीय था।

अगले दिन हम सबसे पहले द्वारिकाधीश मंदिर गए। मंदिर देखने के लिए सब बहुत उत्साहित थे। मंदिर तक जाने वाला रास्ता पुरानी गलीनुमा सड़क थी। कुछ ही देर में हम द्वारिकाधीश मंदिर के विशालकाय दरवाजे के पास खड़े थे, लेकिन मंदिर के कपाट तो बंद थे! पूछने पर पता चला कि आज सुबह में मंदिर बंद रहेगा और दोपहर ढाई बजे खुलेगा। यह सुनकर सब उदास हो गए, क्योंकि ढाई बजे तक रुकना हमारे लिए संभव नहीं था अत: हमने यमुना घाट पर जाकर नौका- विहार करने का निर्णय लिया। नौका- विहार के दौरान नाविक ने हमें कंस के किले को बाहर से दिखाते हुए वहां के घाटों की जानकारी दी, उसने हमें वो घाट भी दिखाया जहाँ से वासुकि ने कृष्ण- जन्म के बाद कृष्ण को लेकर यमुना पार की थी। नौका- विहार के दौरान छात्राओं ने कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेक सवाल पूछे। सभी अध्यापिकाओं ने अपनी- अपनी जानकारी के अनुसार उन सभी सवालों के उत्तर दिए। रास्ते में हमने रंग- बिरगी चूड़ियाँ, टी-शर्ट खरीदी, उनको पहनकर हम पूरी तरह से वृंदावन के रंग में रंग गए। अंत में हमने कृष्ण- जन्म- स्थली मंदिर को देखा। यहाँ हमें सुरक्षा इंतजामों में अनेक खामियां नज़र आई। मंदिर की एक दीवार मस्जिद की दीवार से जुड़ी हुई थी, जब हमने वहां के पुजारी से इसके बारे में पूछा तो उसने बताया कि प्राचीन समय में यहाँ मंदिर और मस्जिद के बीच में कोई दीवार नहीं थी, हिन्दू और मुसलमान दोनों यहाँ पूजा करने आते थे, लेकिन अंग्रेजों की हुकूमत के दौरान जब हिन्दू- मुस्लिम दंगे हुए तो इनके बीच में ये दीवार खींच दी गई। हमने मंदिर में बना कारावास देखा और अब हम आगे की यात्रा के लिए निकल पड़े।

दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी उषा मैम ने रास्ते में पड़ने वाले जैन मन्दिर में की हुई थी। यहाँ का खाना शुद्ध होने के साथ- साथ बहुत ही लज़ीज़ था। गर्मा- गर्म और फूली- फूली पूरियों की खुशबू, छोले और चावल का स्वाद याद आने पर आज भी मुहँ में पानी आ जाता है। खाना तो स्वादिष्ट था ही साथ ही रसोई- घर की स्वच्छता, और बड़े आदर- भाव के साथ खाना परोसने का अंदाज देख हम गदगद हो गए। वहां छायादार पेड़ के नीचे बैठ कर सबने चाय की चुस्कियों का मज़ा लिया और इस व्यवस्था के लिए डॉ. उषा राकेश जैन के प्रति आभार प्रकट किया। परिसर से निकलते समय जब हमारी छात्राओं ने आंवलों से लदे पेड़ों को देखा तो उनसे रहा नहीं गया और वे सभी आंवले तोड़ने के लिए पेड़ों की शाखाओं से लटकने लगीं। तभी हमने छात्राओं को समझाया कि वे पेड़ों को किसी भी प्रकार से हानि न पहुंचाएं, छात्राओं ने हमारा कहना माना और पेड़ों से दूर हो गई। उसके बाद हम दिल्ली के लिए रवाना हो गए। अब हम अपनी- अपनी सीटों पर बैठकर आपस में वृंदावन- मथुरा के मंदिरो, गलियारों की बात करने लगे जैसे- किसको कौन-सा मंदिर सबसे अच्छा लगा और क्यों? यहाँ के प्रशासन को पर्यटकों की खातिर क्या- क्या करना चाहिए? यहाँ की साफ- सफाई और विकास को लेकर भी बहुत काम करने की जरूरत है आदि। इन सभी बातों पर चर्चा करते हुए हम दिल्ली की ओर बढ़ रहे थे। हम पांच बजे से पहले दिल्ली पहुंचना चाहते थे। लेकिन गाड़ी की रफ़्तार बहुत धीमी थी। उषा मैम ने ड्राइवर को कई बार बस की रफ़्तार बढ़ाने के लिए कहा लेकिन ऐसा लगता था जैसे गाड़ी और ड्राइवर दोनों ने ये निश्चय कर रखा था कि ना मैं तेज चलाउंगा और ना मैं तेज चलूंगी, क्योंकि जब-जब ड्राइवर ने बस की गति तेज की तब- तब गाड़ी में कुछ न कुछ दिक्कत हो जाती और गाड़ी को कुछ देर के लिए रोकना पड़ता। खैर, इन सब बाधाओं के बावजूद हम लगभग साढ़े नौ बजे कॉलेज पहुंचे। अब प्रेम मंदिर की भव्यता, बांके बिहारी मंदिर की प्राचीनता, इस्कॉन मंदिर के प्रति विदेशियों की आस्था और विशेष रूप से डॉ. उषा राकेश जैन द्वारा की गई व्यवस्था आदि तमाम बातें जिंदगी भर के लिए हमारी स्मृति में कैद हो गई थीं।

डॉ. अनिता देवी
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

रुकना नहीं

लोग रोकने की लाख कोशिश करेंगे,
बस तुम रुकना नहीं।
वो तुम्हारी तरफ आती सफलता से जलेंगे,
तुम अपने रास्ते से भटकना नहीं।
बेशक मुश्किल ताक लगाए बैठी हों,
पर तुम्हारा जुनून भी किसी आँधी से तो कम नहीं।
दौड़ते जाना बस अपने सपनों के पीछे,
चाहे कोई तुम्हें कितना भी पीछे खींचे।
लोग रोकने की लाख कोशिश करेंगे,
बस तुम रुकना नहीं।
कोई नहीं होगा तुम्हें सफलता तक पहुंचाने के लिए,
पर लाखों की भीड ज़रूर होगी तेरी हार पर हँसने के लिए।
लगा रह जोश के साथ अपने ख्वाबों को सच करने के लिए,
चाहे कोई खड़ा हो ना हो तुम्हें शाबाशी देने के लिए।
मिलती नहीं मंजिल किसी को भी आसानी से,
तो राह में आती हर चुनौती को स्वीकार कर ले!
लोग रोकने की लाख कोशिश करेंगे,
बस तुम रुकना नहीं।
तो आगाज़ कर खुद की खुशियों का नया,
सपना तेरा है तो हिम्मत भी तुझे ही करनी होगी।
डट कर लगन से मेहनत भी तुझे करनी होगी,
तो अब जब ख़्वाब देख ही लिया है।
तो एक जंग भी अकेले में लड़ ही ले,
जो चाहते हैं मंज़िल सच्चे दिल से।
अक्सर उनके ख़्वाब हकीकत में बदल जाते हैं...
लोग रोकने की लाख कोशिश करेंगे,
बस तुम रुकना नहीं।

अंशिका अग्रवाल
बी कॉम (विशेष) प्रथम वर्ष

महिलाओं के बढ़ते कदम

देश विकास और उन्नति के नए- नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह तभी संभव हो पा रहा है, जब महिलाएं पुरुषों के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ें। चूल्हा- चौका व खाने का काम तक सीमित रहने वाली महिला अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो गई है। उदाहरण के लिए मानकुंवर बाई राजपूत को देख सकते हैं, जिसने अपने पति की मृत्यु के बाद सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक दृष्टि से विपरीत परिस्थितियां होने के बावजूद हार नहीं मानी और जैविक खेती, माडल खेती एवं समाज-सेवा करने के साथ-साथ अनेक सराहनीय कार्य किए और उसने अपने आपको किसी से कम नहीं समझा। अवनी लेखरा भी एक ऐसी ही महिला हैं जिन्होंने 2022 में पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस जीत पर पी.एम नरेंद्र मोदी के उनको बधाई दी। ये महिलाएं देश की दूसरी महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलने से ही देश आगे बढ़ेगा और इसके लिए महिलाओं को प्रोत्साहित भी करना चाहिए और मार्गदर्शन भी करना चाहिए। आज महिलाएं अपने प्रयास और प्रयत्न में कहीं भी पीछे नहीं हैं। विज्ञान, व्यापार, खेल, राजनीति आदि, उन्होंने हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। किंतु आवश्यकता है उन्हें अवसर प्रदान करने की। इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के रुप में भारत का नाम सपूर्ण विश्व में गौरवान्वित किया है और मीरा बाई चाऊ द्वारा खेल में पहला पदक जीतना हर भारतीय महिला के लिए व देश के लिए गर्व एवं प्रेरणा की बात है। आजकल महिलाएं किसी पुरुष से कम नहीं चाहे वह नौकरी हो या व्यवसाय, वह हर क्षेत्र में आगे हैं और ऐसे ही वे अपने सपने पूरे करेंगी और अपने मुकाम या सपने को पूरा कर बुलंदियां छुएंगी।

महिलाओं के कदम यदि इसी तरह आगे बढ़ते गए तो हमारा देश एक नए ढंग का देश बनेगा तथा केवल पुरुषप्रधान देश ही नहीं महिलाप्रधान देश भी कहलाएगा|

भावना
हिंदी (विशेष) द्वितीय वर्ष

अलविदा

आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा, अलविदा कहना पड़ रहा।
क्लास और कैंटीन की कहानी होंगी खत्म अब,
अब अलग होंगी मंज़िलें और अलग होगा रास्ता।
कैंपस की वो सीढ़ियां जमती जहाँ थी महफ़िलें,
वो सीढ़ियों का स्टेज भी अब खाली करना पड़ रहा।

आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा, अलविदा कहना पड़ रहा।
बच्चे ही थे न जब हम आये थे,
ये पल भी कैसे ढल गये हाथ में डिग्री मिली और हम सयाने हो गए।
सेमेस्टर के एग्जाम सब कितनी जल्दी हो गए,
एक पल में अरसा गुजरा ये दौर भी अब थम रहा।
आ गया वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा अलविदा कहना पड़ रहा
मेरे दोस्तों ठीक से देखो कहीं कुछ छूटा न हो।
कहीं तुम्हारी वजह से कोई दिल रूठा न हो,
मिटा कर सभी रंजिशें गले मिल लो फिर से।
मिलने का वादा कर लो क्योंकि जा रहा, जो वक्त वो दोबारा आने से रहा।
दिल थाम आँखें पोंछकर, अलविदा कहना पड़ रहा अलविदा कहना पड़ रहा।
मेरे यारों यह साथ का पल अब एक दास्तां में बदल रहा, आ गया।
वो मोड़ जिसमें अलविदा कहना पड़ रहा... अलविदा कहना पड़ रहा।

प्रिंकी यादव
हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

कलम, आज उनकी जय बोल..

जला अस्थियाँ बारी- बारी
चटकाई जिनमें चिंगारी,
जो चढ़ गए पुण्यवेदी पर
लिए बिना गर्दन का मोल
कलम, आज उनकी जय बोल।
जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन
माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल।
पीकर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रही सौ लपट दिशाएं,
जिनके सिंहनाद से सहमी
धरती रही अभी तक डोल
कलम, आज उनकी जय बोल।

अंधा चकाचौंध का मारा
क्या जाने इतिहास बेचारा,
साखी हैं उनकी महिमा के
सूर्य- चन्द्र- भूगोल- खगोल
कलम, आज उनकी जय बोल।

तनीषा रॉय
हिंदी (विशेष) प्रथम वर्ष

किरन धेनुएँ कविता का मूर्त विधान

(साहित्यकार नरेश मेहता के जन्मशती वर्ष पर एक विशेष प्रस्तुति)

नरेश मेहता का जन्म सन 1922 ईस्वी में मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र के शाजापुर कस्बे में हुआ । बनारस विश्वविद्यालय से इन्होंने एम. ए. किया । इन्होंने ऑल इंडिया रेडियो इलाहाबाद में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में भी कार्य किया। नरेश मेहता 'दूसरा सप्तक' के प्रमुख कवि हैं । इनकी साहित्य साधना के लिए इन्हें 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' व 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया। इनकी रचनाएँ हिंदी साहित्य जगत की अमूल्य निधि हैं।

नरेश मेहता ने अनेक काव्य संग्रहों में से 'चैत्या' भी एक महत्वपूर्ण काव्य संग्रह है जिसमें संकलित कविता 'किरन थेनुएँ' एक अद्भुत कविता है। कविता का मूर्त विधान पाठक को अभिभूत करने वाला है।

उदयाचल से किरन -धेनुएँ
हाँक ला रहा वह प्रभात का ग्वाला।
पूँछ उठाए चली आ रही
क्षितिज जंगलों से टोली
दिखा रहे पथ इस भूमा का
सारस सुना- सुना बोली

क्षितिज से मंद- मंद किरणों का फूटना और सारस द्वारा शोर मचा- मचा कर उन्हें 'भूमा' की ओर खींचना। कविता का यह प्रारंभ अलौकिक ,अदृश्य से लौकिकता की ओर कदम रखने जैसा है। हिंदी साहित्य में इससे पूर्व कामायनी में 'भूमा' शब्द का प्रयोग हुआ है जो निसंदेह असाधारण है। यहाँ पर भी 'भूमा' शब्द अलौकिक परिवेश की सृष्टि करता है । कवि ने प्रभात को ग्वाला बताते हुए कहा है कि वह प्रातः काल में मानो किरन रूपी गायों को हाँकते हुए पर्वतों से दौड़ा चला आ रहा है और किरणें भी धेनुओं की भाँति भागी चली

आ रही हैं। सारसों की लगातार आवाजें ऐसी लग रही हैं मानो वह उन्हें धरती की ओर आने का रास्ता बता रही हों।

गिरता जाता फेन मुखों से
नभ में बादल बन तिरता
किरन धेनुओं का समूह यह
आया अंधकार चीरता
नभ की आम्र छाँह में बैठा बजा रहा वंशी रखवाला

कवि की कल्पना हृदय पटल पर हुबहू चित्र अंकित करती है। कविता का मूर्त विधान देखते ही बनता है। धेनुओं के मुख से गिरते झाग को कवि ने बादल बताया है और कहा है कि किरण धेनुएँ अंधकार को चरती हुई आ रही हैं। कविता के हर शब्द में बिंब उपस्थित होता है। शुरू से अंत तक कवि ने अपने मन के भावों को एक दृश्य की भांति पाठक के मस्तिष्क पटल पर उतार दिया है।

ग्वालिन- सी ले दूब मधुर
वसुधा हँस हँस कर गले मिली
चमका अपने स्वर्ण सींग वे
अब शैलों से उतर चलीं।

बरस रहा आलोक- दूध है
खेतों खलिहानों में
जीवन की नव किरण फूटती
मकई औ' धानों में
सरिताओं में सोम दूह रहा वह अहीर मतवाला

वसुधा रूपी ग्वालिन के माध्यम से किरन धेनुओं का हरी दूब खिलाकर स्वागत करना, बहुत ही सुंदर वर्णन है| कविता के मध्य में आकर किरण धेनुओं के सींग चमकने की बात कहना इस बात का संकेत है कि अब उनका तेज बढ़ रहा है। "अब' शैलों से उतर चली" पंक्ति से यह इस बात पुष्टि हो जाती है। प्रातः काल में सूरज की मंद किरणों के आलोक को कवि ने दूध -सा बताया है साथ ही नदी के जल को अमृत के समान कहा है। यहाँ प्रभात के लिए 'अहीर' शब्द का प्रयोग सटीक है क्योंकि इससे पहले 'ग्वाला' शब्द का प्रयोग हुआ है| प्रस्तुत कविता प्रकृति के बीच जीवन के राग की भांति खनक उठी है। प्रातः काल अपने पूरे प्राकृतिक कुटुंब के साथ उतर आया है। सूरज की किरणें, हरी दूब ,आसपास चहकते पक्षी और नदी का स्वच्छ जल प्रभात ग्वाले को सहयोग करते हैं। पाठक भाव विभोर- सा मानो अपने- आप को हरे- भरे खेतों के बीच पाता है और चारों ओर प्राकृतिक उपादान मूर्त रूप में उसके साथ अठखेलियाँ कर रहे हैं। कविता का शब्द विधान कुछ इस प्रकार का है कि पाठक को स्वर्णिम आनंद का अनुभव होता है। ऐसे बिंबात्मक वर्णन उसे प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य का साक्षातकार कराते हैं। 'चैत्या' काव्य संग्रह में कविताएँ तो और भी हैं किंतु 'किरन धेनुएँ' कविता एक अप्रतिम कविता है।

प्रातः काल का जितना सजीव बिंब कवि शमशेर बहादुर सिंह ने अपनी कविता 'उषा' में खींचा है उतना ही सजीव बिंब नरेश मेहता की इस कविता में दिखाई पड़ता है। प्राकृतिक सुषमा और दृश्य विधान के आधार पर 'किरन धेनुएँ' कविता का भाव साम्य 'उषा' कविता से किया जा सकता है|

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल जरा - से लाल केशर से
कि धुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चाक
मल दी हो किसी ने

इस कविता में भी प्रातः काल के आसमान को नीला शंख, राख से लीपा चौका, लाल केसर से पुती काली सिल और लाल खड़िया से धुली स्लेट बताया गया है। 'उषा' कविता का भाव जगत व मूर्त विधान भी 'किरन धेनुएँ' कविता जैसा प्रतीत होता है।

संदर्भ ग्रंथ

1 चैत्या (कविता संग्रह) कवि श्री नरेश मेहता, प्रकाशक भारतीय ज्ञानपीठ
2 'टूटी हुई बिखरी हुई' (कविता संग्रह) कवि शमशेर बहादुर सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन
3. कविता के आर पार, लेखक - नंदकिशोर नवल
4. समकालीन हिंदी कविता,लेखक- विश्वनाथ प्रसाद तिवारी

डॉ. मीनू कुमारी
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

संत रैदास का सामाजिक योगदान

मध्यकालीन संत कवियों में सामाजिक-साहित्यिक योगदान की दृष्टि से रैदास अथवा रविदास का महत्तवपूर्ण स्थान है। इनका आविर्भाव ऐसे युग में हुआ जब समाज में जाति व्यवस्था की संकीर्णता के कारण समाज में उंच-नीच की भावना का प्रस्फुटन हो रहा था। सामाजिक सद्भाव और एकत्व की भावना निरंतर दम तोड़ रही थी। शूद्र-कुल में पैदा हुये व्यक्तियों को न तो देव स्थानों पर पूजा का अधिकार था, न ही वेद आदि ग्रन्थों को छूने का। इस कारण ब्राह्मणों और शूद्रों में मनोमालिन्य लगातार बढ़ता जा रहा था। जहां ऊंची जाति का व्यक्ति अपने अनैतिक और तमाम दुष्कर्मों के बावजूद सम्मान का अधिकारी था वहीं निम्न-कुल उत्पन्न व्यक्ति सत्कर्मी-संस्कारी होते हुए भी उपेक्षित और तिरस्कृत हो रहा था। चूंकि रैदास का जन्म एक अत्यंत निम्न जाति में हुआ और स्वयं उन्होंने घृणा और तिरस्कार की पीड़ा और दंश को सहा। 'रैदास-परचई' तथा 'भक्तमाल' में जिन घटनाओं का

उल्लेख मिलता है, उससे यह स्पष्ट होता है कि रैदास जी का ब्राह्मणवाद एवं पुरोहितवर्ग से ज़बरदस्त संघर्ष रहा। रैदास ने तत्कालीन समाज की धार्मिक रूढ़ियों, कर्मकांडों, पुरोहित वर्ग की निरंकुशता और वितंडावाद का डटकर विरोध किया, उन्होंने अपनी सच्चरित्रता एवं तर्क-पद्धति से ऐसे भक्ति मार्ग का प्रतिपादन किया जो व्यापक मानव धर्म से प्रेरित, सर्वग्राही तथा सर्वसुलभ थी।

मध्ययुगीन भारत धार्मिक उतार–चढ़ाव का युग रहा है, इस युग में फैली राजनीतिक उथल-पुथल ने समाज की स्थिति को भी शोचनीय दशा में पहुँचा दिया था। धर्म के क्षेत्र में अंधविश्वास, बाह्य-आडंबर, मूर्तिपूजा, जादू -टोना, भूत-प्रेत जैसी कुरीतियों ने अपना वर्चस्व स्थापित किया हुआ था। इस समय की अशिक्षित जनता हताश और निराश धार्मिक मायाजाल में लगातार फंसती चली जा रही थी। ऐसी स्थिति में दिग्भ्रमित जनता को ज्ञान की रोशनी दिखाने का पूरा श्रेय संत समाज को जाता है, जिन्होंने सहज व सरल भाव से अपनी बात को काव्य के माध्यम से व्यक्त किया। उनकी इस बात में किसी प्रकार की लाग लपेट नहीं थी। वह तो बिलकुल सीधी सच्ची बात थी जो एक हृदय (संतों) से निकलकर दूसरे (संतप्त समाज) के हृदय तक पहुंची थी।

भारत में विभिन्न मतों तथा धर्मों के लोगों में मेल-जोल और भाईचारा बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य मध्यकालीन संतों ने किया, इन संत कवियों में संत रविदास का नाम अग्रणी है। संत रविदास ने सामाजिक उत्थान के उन माध्यमों का अनुसरण एवं अनुसंधान किया जो लोक कल्याण और मानवता के हित में थे। इस विषय में रामधारी सिंह दिनकर ने लिखा है- ' उच्च-नीचता, छुआछूत, धार्मिक संघर्ष आदि का नाश करके उच्च विचारों से प्रेरित होकर आदर्श सामाजिक जीवन व्यतीत करना ही उनका लक्ष्य था"[1] संत रविदास ने समाज में फैले वैषम्य को बहुत करीब से अनुभूत किया, वे अपनी वाणी के माध्यम से समाज कल्याण की भावना को व्यक्त करते हुए कहते हैं-

'संतन के मन होत है सबके हित की बात
घट घट विचारों अलख को, पूछे जात न पात।'[2]

रविदास जी का मानना था कि सभी मनुष्य ईश्वर की देन हैं, उनमें धर्म या जाति के आधार पर भेद करना स्वयं को अज्ञान में रखने जैसा है। जिस प्रकार गौतम बुद्ध ने जब पर-पीड़ा को अनुभूत किया तो वे परम तत्व की खोज करने निकल पड़े थे और समाज-कल्याण की ओर प्रेरित हुए, वैसे ही संत रविदास ने भी अपने समय की सामाजिक विषमताओं एवं विसंगतियों का समाधान अपनी वाणी अथवा संदेशों के माध्यम से खोजने का प्रयत्न किया। उन्होंने मानव कल्याण के लिए सत्संगति, प्रेम, क्षमा, सत्य, अहिंसा, दया, नैतिकता जैसे मूल्यों की पुनर्स्थापना की। सत्संगति के महत्व को प्रतिपादित करते हुए वे कहते हैं-

'साधु संगति बिना भाव नहीं उपजै, भाव भगति क्यो होई तेरी।'[3]

उनका कहना है कि सत्संगति से मनुष्य के अंदर विवेक जाग्रत होता है। मानव जैसी संगति में रहता है, उस पर वैसा ही प्रभाव पडता है। सत्संगति के प्रभाव से दुर्जन भी सज्जन बन जाता है। सत्संगति से ही भक्ति संभव हो सकती है।

मध्ययुग हिंसा, प्रति-हिंसा का युग रहा है। जहाँ पारस्परिक द्वेष, षड्यंत्र, प्रतिशोध जैसी भावनाओं ने मानवता को खंडित कर दिया था। रविदास जी ने क्षमा जैसे मूल्य को समाज में पुनर्स्थापित कर मनुष्य को एक नई दिशा एवं दृष्टि प्रदान की। उन्होंने मनुष्य को इस सत्य से अवगत कराया कि संसार नश्वर है और ईश्वर ही सत्य है। राम ही सत्य है बाकी सब व्यर्थ है-

'राम नाम जिह तन रम्यौ सोई तन आपु उजास
अन्त छार ह्वे जाइहि बेगि चेतु रैदास'[4]

रैदास के अनुसार जब तक मानव में प्रेम का उद्भव नहीं होता तब तक वह भक्ति की पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता। मानव के उद्धार का मार्ग भी प्रेम ही है। प्रेम ही मुक्ति का मार्ग है- 'प्रेम भक्ति सो उघरे, प्रकटत जन रैदास'[5]

दया, परोपकार आदि नैतिक भावनाओं का विकास तथा अहंकार का त्याग आदि मूल्यों की बात कर संत रविदास जी ने मानव कल्याण की भावना को बलवती किया है। रैदास जी ने धार्मिक अंधविश्वास, कट्टरता, परंपरागत रूढ़ियों को दूर करके एक ऐसी विचारधारा का निर्धारण किया जो परस्पर विरोधी संस्कृतियों के बीच के मतभेद को दूर-कर समाज में भावात्मक एकता का संदेश दिया। उन्होंने बाह्य-आडंबरों, पोंगापंथी ,पाखंड, लोलुपता, धन-संचय आदि अवगुणों का विरोध कर कर्म और श्रम की प्रतिष्ठा, ईमानदारी से जीवन यापन करने, ईश्वर को देवालयों में ना खोजने बल्कि अपने अंतस में मानकर उसका भजन करने की बात कही।

उन्होंने धार्मिक क्षेत्र में फैले अंधविश्वास और बाह्य-आडंबर को दूर करने का अभूतपूर्व प्रयास किया, मूर्ति-पूजा, छापा-तिलक, आदि बाह्य विधानों का विरोध कर सीधे सच्चे मार्ग को अपनाने की बात की। उनका मानना है कि ईश्वर तो करोड़ों सूर्य से अधिक तेजवान है। उसकी आरती या हवन करने से क्या लाभ है? मूर्ति पूजा, गंगा नहाने आदि अनेक विधानों से ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती। ईश्वर प्राप्ति हेतु अहंकार का त्याग करना आवश्यक है-

'कहा भयो नाचै अरु गायै, कहा भयो तप कीन्है,
कहा भयो जे चरन पषाले, जो लौ परम तत्त नहि चीन्है,
कहा भयो जे मूड़ मुड़ायौ, बहु तीरथ व्रत कीन्है
स्वामी दास भगत अरू सेवग, जौ परमतत्त नही चीन्है,
माथे तिलक हाथ जपमाला, जग ठगने के स्वाँग बनाया
मारग छाड़ि कुमारग उहकै सांची प्रीति बिनु राम न पाया।'[6]

रविदास जी का मानना है कि भक्ति से आत्म विकास होता है, उसमें मानवीय मूल्यों का संचार होता है, जैसे- सदाचार, नैतिकता, आत्मसंयम आदि । उनका मानना था कि पंच विकारों को त्यागकर ही भक्ति की जा सकती है। उन्होंने समाज में फैले असंतोष और धन-लोलुपता को त्यागने की बात की और कर्म की प्रधानता को सिद्ध किया।

'जिव्हा से औंकार भन, हत्थन सौ कर कार
राम मिलहि घर आइकर, कहि रविदास विचार।'[7]

रविदास जी कहते हैं जो मनुष्य कर्म में लीन रहता है, उसकी सुध-बुध ईश्वर स्वयं करते हैं। अतः जो मनुष्य कर्म में निरंतर रत रहता है वही जीवन में विजेता होता है।' इस प्रकार वे भक्ति के विधि विधानों का खंडन करते हैं और समाज को कर्म करते हुए भक्ति की प्रेरणा देते हैं। इसके लिए गृह त्यागने और बाह्य आडंबर को आरोपित करने की आवश्यकता नहीं है। अतएव कहा जा सकता है कि संत रविदास जी में कबीर की सी तीव्रता भले ही नहीं मिलती परंतु उनके तीव्र मधुर व्यंग्य व्यक्ति के मर्म को तीव्रता से प्रभावित करते हैं।

रविदास जी अपने युग की सामाजिक एवं धार्मिक परिस्थितियों से पूर्णतः अवगत थे। उनका युग धार्मिक संक्रांति का युग था, इसलिए धर्म से विलग होकर समाज कल्याण की बात नहीं की जा सकती थी। उन्होंने धर्म और भक्ति के क्षेत्र में समानता और समान अधिकार की बात कही, जो समाज का पथ प्रदर्शक बन सकी। संत रविदास जी ने धर्म से संकीर्णता को मिटाने का सफल प्रयास किया। धर्म की परंपरागत कट्टरता, हठयोग जैसी रूढ़ियों में से उनका चयन किया जो समाज के हित में थीं। उन्होंने समन्वयवादी विचारधारा का सूत्रपात किया, हिंदू -मुस्लिम दोनोँ जातियों के बीच तादात्म्य स्थापित करने का कार्य किया।

- 'रैदास कोऊ अल्लइ कहइ, कोउ पुकारइ राम
केसउ क्रिस्न करीम सभ माधव मुकंदह नाम'[8]

-'सामी सिरजन हार है, राम रहीम खुदाय
रैदास हमारो मोहना पावन केसो राय।'[9]

संत रविदास ने तद्युगीन परिस्थितियों के अनुकूल ऐसे व्यावहारिक समाधान खोजे जिससे समाज का दुख-दर्द और पीड़ा कम हो सके। इसके लिए उन्होंने जातिवाद और सामाजिक विषमता को दूर करने का प्रयास किया। श्री योगेंद्र सिंह के अनुसार 'धार्मिक क्षेत्र की संकीर्णताएँ तथा परस्पर विभेद भी अब इस नये युग में संघर्ष के विरुद्ध खडे नहीं रह सकते थे। प्रत्येक संप्रदाय तथा उसका उप -संप्रदाय अपनी स्पर्धात्मक श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए वैधी रूप एवं कर्मकांड की अति में उलझता चला जा रहा था। रैदास ने उनमें से किसी का विरोध न करके उनमें से सबकी अंतरात्मा को लेकर एक समन्वित विचारधारा दी।'[10] वस्तुतः धर्म का मूल स्वर है -सभी में आपसी सौहार्द बनाए रखना। दया, सेवा, प्रेम जैसे भाव यदि धर्म में दृष्टिगत नहीं होते तो वह निरर्थक है।

संत रविदास ने वर्ण-व्यवस्था का पुरजोर विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि ईश्वर के यहाँ जाति, कुल, वंश, आचार-व्यवहार आदि के आधार पर कोई वैषम्य नहीं मिलता है। भगवान के लिए सभी समान हैं, चाहे वह ब्राह्मण है या शूद्र। यह जातिगत भेद मानव का स्वयं रचा जाल है। जिसमें वह स्वयं ही फँसकर रह जाता है। भगवान ने केवल मानव बनाया था। जाति तथा वर्ण के आधार पर हमने उसे बांटा है। वे कहते हैं-

- 'रैदास उपजइ सभ इक नूर ते, ब्राह्मण, मुल्ला शेख

सभ को करता एक है, सभ कूँ एक ही पेख।' [11]

'ब्राह्मण खतरी बैस सूद रैदास जनम ते नांहि,
जो चाहइ सुबरन कउ पावई करमन मांहि।' [12]

रैदास जी का मानना था कि व्यक्ति अपने कर्म से भला या बुरा होता है, जाति से नहीं। जन्म से कोई शूद्र पैदा नहीं होता, मनुष्य पैदा होता है। अतः एक मनुष्य और दूसरे मनुष्य में कोई भेद नहीं। इस रूप में उन्होंने वर्ण-व्यवस्था के विरूद्ध एक अभियान और आंदोलन खड़ा किया।

उन्होंने जाति को महत्त्व न देकर मानवता को महत्व दिया है-

'रैदास जात मत पूछिये, का जात का पात
ब्राह्मण, खत्री वैस सूद, सभन की इक जात।'[13]

संत रविदास ने जाति भेद का आधार ऊंच-नीच को न मानकर कर्म को माना है-

'रैदास जन्म के कारनै होत न कोउ नीच
नर कूँ नीच करि डारि है, ओछे करम की कीच।'[14]

वे कहते हैं कि गुणहीन ब्राह्मण के स्थान पर गुणवान चांडाल को पूजना श्रेष्ठ है। केवल जाति के आधार पर नीची जाति का व्यक्ति गुणहीन नहीं हो जाता। निम्न जाति का व्यक्ति ब्राह्मण से अधिक गुणवान हो सकता है।

'रैदास ब्राह्मण मत पूजिए, जऊ होवै गुणहीन।
पूजिहिं चरन चंडाल के, जऊ होवै गुन प्रवीन॥ '[15]

तत्कालीन समाज में फैली जातिगत अव्यवस्था का उदाहरण रैदास जी ने प्रस्तुत करते हुए कहा है कि जिस प्रकार केले के पेड़ पर एक पत्ते पर दूसरा पता निकलता जाता है, वैसे ही समाज में एक जाति में अनेक जाति निकल पड़ी है, किन्तु वास्तव में मूल तो एक ही है, वह है -मानव जाति।

'जात जात में जात है, ज्यों केलन के पात।
रैदास न मानुष जुड़ सकै, जौं लौं जात न जात॥'[16]

रविदास जी ने जातिगत वैषम्य को मिटाकर समानता की बात कही है। गुरू नानक की भांति ही उन्होंने भी कहा है कि भगवान के लिए उसके सभी बंदे समान हैं, ऊंचे कुल में जन्म लेने से कोई ऊंचा नहीं हो जाता।

'ऊंचे कुल के कारनै, ब्राह्मण कोय न होय
जउ जानहि ब्रह्म आत्मा, रैदास कहि ब्राह्मन सोय॥' [17]

स्पष्ट है रविदास जी ने जाति को महत्त्व न देकर कर्म को महत्त्व दिया है। जिसमें वंश, परंपरा, ऊँच-नीच के लिए कोई स्थान नहीं है। वे सभी सत्कर्म और आपसी भाईचारे की सीख देते हैं। अन्यत्र वे कहते हैं कि जात-पात के भ्रम में पड़कर लोग अपनी मानवता को भूल बैठे हैं।

' जात पांत के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग।
मानुषता कूँ खात हइ, रैदास जात कर रोग॥ '[18]

संत रविदास ने संसार में किसी जाति को नहीं माना है, सभी भगवान के बनाए इंसान हैं, और इनकी एक ही जाति है, वह है- मानव जाति और उनका एक ही धर्म है- मानवता। संसार से जब तक जातिवाद खत्म नहीं होता, तब तक भावात्मक एकता नहीं हो सकती। उन्होंने समाज का मार्गदर्शन करने का भरसक प्रयत्न किया है।

समग्रतः 'मन चंगा तो कठोती में गंगा' का उद्घोष कर रैदास ने दीन-दलितों को उभारने, उनमें स्वाभिमान तथा आत्मसम्मान प्रदान करने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने भक्ति, साधना और आत्मोन्नति के लिए सदाचार, नैतिकता तथा आत्मसंयम का संदेश दिया। समाज-सुधार और लोक-कल्याण की जो बात रैदास ने मध्ययुग में कही, उसका प्रभाव हम आधुनिक युग में भी देख सकते हैं। आधुनिक युग में होने वाले समाज सुधार आंदोलनों को मध्ययुग की देन माना जाय तो गलत नहीं होगा। आधुनिक युग में महात्मा गांधी, ज्योतिबा फुले, भीमराव अंबेडकर आदि ने भी जातिवाद का पुरजोर विरोध किया। गांधीजी के आंदोलन का प्रभाव रहा कि देश से जातिवाद को समाप्त करने की पहल हो सकी। गांधी जी के उद्गारों में हमें संत रविदास के भावोँ की अभिव्यक्ति मिलती है। आज भी हिंदू- मुस्लिम एकता को स्थापित करने के लिए हमें संत रविदास की महती आवश्यकता है। रैदास ने आत्मानुभूत सत्य के प्रतिपादन के साथ-साथ सामाजिक भेदभाव,

उंच-नीच की भावना को समाप्त करके परस्पर सौहार्द, प्रेम और भ्रातृत्व भाव का संदेश दिया, जो आज भी उद्बोधक, प्रेरक और प्रासंगिक है।

संदर्भ ग्रंथ:

1- संस्कृति के चार अध्याय – रामधारी सिंह 'दिनकर', पृ० 537-38
2- रैदास ग्रंथावली – डॉ० जगदीश शरण ,पृ० 122, पद -211
3- वही –,पृ० , पद -
4- वही –,पृ० 140
5- वही –,पृ० 25, पद -12
6- वही –,पृ० 155
7- वही –,पृ० 68, पद-103
8- वही –,पृ० 86 , पद-133
9- वही –पृ० 91 , पद-145
10- वही –पृ० 66 , पद-98
11- वही –पृ० 67, पद- 99
12- संत रैदास- योगेंद्र सिंह - पृ० 102
13- रैदास ग्रंथावली – डॉ० जगदीश शरण ,पृ० 110 , पद- 188
14- वही –पृ० 95 , पद- 157
15- वही –पृ० 67 , पद-162
16- वही –पृ० 97,पद- 160
17- वही –पृ० 98 ,पद- 163
18- वही –पृ० 97,पद- 162
19- वही –पृ० 100 ,पद- 168
20- वही –पृ० 94 ,पद- 155

सहायक ग्रंथ सूची

1. सिद्ध-नाथ एवं प्रमुख हिन्दी संत- डॉ० प्रमिला झीबा
2. मध्यकालीन हिन्दी संत काव्य: दर्शन और मूल्यांकन- डॉ० आदित्य प्रचंडिया
3. निर्गुण काव्य की सांस्कृतिक भूमिका- डॉ० राम साजन पाण्डेय
4. संतों की सांस्कृतिक संसृति- डॉ० राम साजन पाण्डेय
5. निर्गुण काव्य प्रेरणा और प्रवृत्ति - डॉ० राम साजन पाण्डेय

डॉ० गीता पाण्डेय
सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

और वह लौट आई

उसने ऑटो रिक्शा से सामान उतारा। ऑटो रिक्शा वाले को उसने पैसे दिए और अपने पिता के घर दरवाजे पर पहुँच गई। उसने घंटी का बटन दबाया। कुछ देर बाद उसकी मां ने दरवाजा खोला; रमा तेजी से सामान लेकर घर के अंदर आ गई। मां के चेहरे पर मुस्कुराहट के भाव आते-जाते सहम से गए। माँ ज्यादा देर तक शांत न रह सकी। वह बोली-" रमा तू इस समय?"

"हां मैं" रमा के स्वर में कुछ तीखापन झलक रहा था। आशंकाओं के अनिष्ट की कल्पना कर माँ ने आश्वस्त होने के लिए तुरंत पूछा-" रमा तू क्या दामाद से लड़कर आई है?"

"अरे बदतमीज मुझे धमका रहा था। मैं उसका साथ नहीं निभाना चाहती और माँ लड़कर नहीं सदा के लिए छोड़ कर आई हूं उसे।" रमा जोर से बोली।

"छोड़ आई सदा के लिए? प्रश्न भरी दृष्टि से वृद्धा माँ ने लाडली रमा से पूछा।"

"ऐसे ही कोई साथ छोड़ा जाता बेटी, तुमने दोनों ने स्वयं ही विवाह का निर्णय लिया था।"

"हाँ, अब कभी नहीं जाऊंगी वहाँ, बस मैंने यह ठान लिया है।" रमा यह कहकर सोफे पर बैठ गई। माँ ने दीवार का सहारा लिया, ऐसा लगा जैसे गिर पड़ेगी।

भीतर कमरे में चाय के प्याले के गिरने की आवाज आई। रमा के बूढ़े बाप के हाथ से प्याला छूट गया। माँ बेटी की बात सुनकर, अपने पैर की लकड़ी का सहारा लेकर रमा के सामने ड्राइंग रूम में आकर खड़े हो गए। अपने चश्मे के अंदर आंखों के पानी को पोंछते हुए बोले - "तू क्या कह रही है रमा?"

"हां मैं कह रही हूं कि मैंने जिससे विवाह किया था, उसे छोड़ आई हूँ ।" रमा ने किंचित दृढ़ता से कहा।

"पर हुआ क्या?" बूढ़े बाप ने पूछा ।

"होना क्या है, बस अब मुझे उसके साथ नहीं रहना है हुए यह मेरा आखिरी फैसला है।" रमा का स्वर और अधिक प्रखर हो गया । बेटी का स्वर सुन कर माँ एकदम अवाक रह गई। वहीं बूढ़े पिता को ऐसा लगा कि धरती पर धड़ाम से गिर पड़ेंगे।

रात्रि गहरा चली थी। अधिक बात ना कर बूढ़े पिता ने बिजली की बत्ती बुझा दी और वह अपने बिस्तर पर लेट गए। आंखों में नींद कहां?" उसकी आंखों के सामने अतीत बार-बार आ आकर गुजरने लगा। उसे याद आया जब रमा, आशीष को लेकर पहली बार, उसके पास आई तो आशीष कैसा भोला लग रहा था। वे सजग आँखों से होने वाले दामाद को भीतर तक देख लेना चाह रहा था।

उसने आशीष से पूछा-" बेटा तुम रमा को कितना जानते हो?"

आशीष इस प्रश्न से किंचित सकुचाया फिर बोला-" मैं रमा से बहुत प्यार करता हूँ ।"

इस उत्तर को सुन बूढ़े पिता ने बड़ी दृढ़ता से पूछा-" प्यार का मतलब समझते हो बेटा?"

उसका उत्तर अभी आया नहीं कि बीच में ही रमा बोल पड़ी-" पिताजी हम दोनों का फैसला अटल है, अब किसी अन्य प्रश्न की गुंजाइश नहीं है।"

बेटी रमा की ओर मुखातिब होते हुए पिता ने कहा-" प्रेम, विश्वास, सहनशीलता, समर्पण और त्याग को अभी तुमने केवल किताबों में पढ़ा है और सिर्फ सुना है, व्यवहार में उतारा नहीं है। अभी तो तुम्हारा प्यार बोल रहा है, वह केवल ऐंद्रियता का तीव्र भावावेग औरआकर्षण है,जिसमें जीवनानुभव का यथार्थ नहीं है। जीवन में प्यार को अर्थ देने के लिए कुछ समर्पण, त्याग और सहिष्णुता की जरूरत होती है। जिसका अभाव में नई पीढ़ी में बहुत देखता हूँ । और अभी जो कुछ तुम बोल रहे हो, उसका आधार माता-पिता का कमाया हुआ धन है।"

रमा और आशीष दोनों ने पिता की बात को निर्मूल्य समझ कर, प्रगतिशील और आधुनिक नई सोच के नए -नए विचारों एवं इरादों को व्यक्त किया। एक दूसरे के साथ जीने मरने की उन्होंने दृढ़ता ने बूढ़े पिता को

उनका विवाह करने के लिए विवश कर दिया । किंतु विवाह के पश्चात साल भर की अवधि में ही दोनों के भीतर के वैषम्य उभरे और दोनों के बीच ये वैषम्य तीव्रता लेकर निरंतर उभरते चले गए।

बूढ़े पिता ने दामाद और पुत्री के बीच टकराव टालने के लिए, सभी प्रयास किए थे।

लेकिन अपनी स्वच्छंद व जिद्दी लड़की रमा की असहिष्णु प्रवृत्ति और आशीष की अविवेकशीलता के कारण वे सफल नहीं हो सके । बूढ़े पिता ने रमा के सास - ससुर के सामने रमा की गलतियों के लिए कई बार क्षमा याचना भी की थी । रमा की माँ ने बीच-बीच में कई मूल्यवान उपहार भी भेजें किंतु कुछ ठीक नहीं हो सका और अंततः रमा अपने मायके लौट आई।

रमा ने अपने लिए स्वयं लड़का चुना और उसे खूब चाहती भी थी और वह भी विवाह के लिए तैयार था। दोनों में कब परिचय हुआ और कब प्रीत की डोर हिलोरे लेने लगी इसका पता माता-पिता को तभी चला जब रमा ने विवाह की बात कही। रमा के पिता ने उसके विवाह में चिर संचित सकल राशि खर्च कर दी। इस विवाह में जो परिवार जन रूठे थे उन सब को रमा के पिता ने मनाया। उन्होंने अपनी सामर्थ्य से अधिक सभी प्रकार की सुविधाजनक चीजों से रमा की झोली भर दी । रमा की डोली विदा हुई किंतु रमा अपने ससुराल से इस प्रकार लौटेगी उनके लिए यह अप्रत्याशित था। इस घटना ने बूढ़े माता-पिता को और भी अधिक बूढ़ा बना दिया। कई महीने तक रमा की माँ घर से बाहर ना निकली। प्रतिदिन महिलाओं की टोली का नेतृत्व देने वाली रमा की माँ अब मूक हो, जैसे उसका कंठ ही सूख गया हो। वृद्ध पिता ने मंदिर के नियमित सत्संग की राह अपना ली किंतु मन में अशांति बनी रही। क्या होगा रमा का?" बेटी का युवा शरीर और समाज की तकती बलात्कारी नजरें दोनों उसके बीमार और बूढ़े शरीर को भीतर ही भीतर कँपकँपी पैदा कर रही थी। रमा के विवाह में उसकी सकल जमा पूंजी खर्च हो गई थी। कोर्ट पुलिस तक जाने के लिए पैर शक्ति खो चुके थे। दो -चार रिश्तेदार, संबंधियों को कहा तो कुछ औपचारिकता का निर्वहन कर वह भी शांत बैठ गए।

इस प्रकार दिन बीतने लगे लेकिन वृद्ध दंपत्ति की उदासीनता कम नहीं हुई। अपनी एकमात्र पुत्री को जिसे बेटा समझकर ही उन्होंने पाला था अब उसकी समस्या विकराल बन गई। अब बूढ़ा पिता क्या करे?" उसने अगर रमा की माँ की बात मानी होती तो आज यह दिन देखने को नहीं मिलते। आखिर यह बच्चे प्रेम को क्या समझते हैं?"

वैवाहिक जीवन में छोटी -मोटी तकरार तो हो ही जाती है। आखिर किस का जीवन अंत तक समरस रहा है?" इन्हें कुछ भी बर्दाश्त नहीं। इनके लिए विवाह गुड्डे गुड़ियों का खेल है, जब चाहा कर लिया और जब चाहा तोड़ दिया।

रमा का बूढ़ा पिता अपनी स्मृति में बहा जा रहा था। शाम ढलते पार्क से घर पहुँचा, तो अपनी सत्तर वर्षीय वृद्ध पत्नी को सजी-धजी देखकर अचंभित हुआ। उत्सुकता वश पूछा, तो करवा चौथ की व्रत की तैयारी में प्रसन्नता से जुटी रमा की माँ ने हर्षोउल्लास की अभिव्यक्ति की।

"रमा की माँ, तू सुबह तो मुझसे लड़ रही थी कि रमा के लिए केवल तुम ही जिम्मेदार हो, मेरी कमियां निकाल रही थी" बूढ़ा बोला।

"लड़ूंगी तो मैं अगले जन्म में भी। तुमसे नहीं लड़ूंगी तो किस से लड़ूंगी।"

रमा की माँ ने मुस्कान बिखेरते हुए कहा और वृद्ध उसके मुस्कान के रस में नहा गया। वह दांपत्य के अतीत की अनगिनत स्मृतियों में डूब गया।

डॉ. अमिता
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

हिन्दी उपन्यासों में वैश्वीकरण का प्रभाव

आज सूचना और संचार के क्षेत्र में एक क्रांति हुई है, जो वैश्विक संसार निर्मित हुआ है उससे उपन्यास का कथा फलक बहुत व्यापक हुआ है। वस्तुतः बाजारवाद, उपभोक्तावाद वैश्वीकरण की अनिवार्य परिणति है। जिसने हमारे जीवन पद्धति और मूल्यों में परिवर्तन पैदा कर दिए हैं। वैश्वीकरण के फलस्वरूप उपभोक्तावादी संस्कृति, बाजार का वर्चस्व, पैसे की बढ़ती लालसा, इंसान का मशीनीकरण, सामाजिक संबधों में बिखराव, बढ़ता तनाव व अवसाद, स्वप्नों को प्राप्त करने की मृग-तृष्णा, जीवन में विज्ञापन, टी.वी. मीडिया के बढ़ते वर्चस्व, पश्चिमीकरण के अंधानुकरण स्वरूप समाज में फैलती अपसंस्कृति, पर्यावरणीय असंतुलन, आर्थिक विषमता, अशान्ति, आतंकवाद आदि मुद्दों को बड़ी चिंता व सरोकार से उपन्यासों का कथ्य बनाया गया है।

उपन्यास जीवन के निकट से जुड़ी विधा है। अतः इसमें समाज का यथार्थ चित्रण मिलता है। उपन्यासों में वैश्वीकरण के प्रभावों को कथात्मक धरातल पर दिखाने का सराहनीय प्रयास हुआ है। विज्ञान और तकनीकी प्रसार, विश्व व्यापार नीति और सिमटती वैश्विक सीमाओं के फलस्वरूप उपजे बाजारीकरण और उपभोक्तावादी संस्कृति ने हर शहर, हर गाँव को, प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित किया है। वैश्वीकरण के प्रभावों को उपन्यासों में दिखाया गया है।

भीष्म साहनी के उपन्यास 'मय्यादास की माड़ी' में भी वैश्वीकरण की प्रक्रिया को ऐतिहासिक कालक्रम में रखकर देखा गया है। इस उपन्यास में भीष्म साहनी औपनिवेशिक भारत में वैश्वीकरण का चेहरा दिखाते हैं।

वैश्वीकरण एक प्रकार का नव-साम्राज्यवाद ही है जिसे अपने माल की खपत के लिए विश्व-भर के संभावनाशील बाजार की तलाश है। और इस आर्थिक पक्ष के साथ सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़ा हुआ है। पहले अपने उपनिवेशों में अपनी संस्कृति को उच्च बताकर उसे फैलाना तथा इसे अपने कर्त्तव्य की शक्ल देनी और उनका आर्थिक दोहन करना।

बीसवीं शती के अन्तिम दो दशकों तक अमेरिकी शक्ति का वर्चस्व इतना बढ़ चुका था कि समस्त विश्व अमेरिकीकरण की गिरफ्त में पूरी तरह आ चुका है। खुली अर्थव्यवस्था के नारे ने अमेरिका के गिरफ्त में शेष विश्व को ला दिया है। पहले हिंदी उपन्यास ने ब्रिटेन की साम्राज्यवादी संस्कृति को छीना और अब अमेरिकी अपसंस्कृति का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया है। इस समय हमारे देश में अमेरिका जाने, वहाँ की संस्कृति को अपनाने, यूरोप के अन्य देशों में बसने की प्रवृत्ति बढ़ी है और इस कारण हमारे जीवन-व्यवहार, जीवन पद्धति में परिवर्तन दृष्टिगोचर हो रहा है। इस पश्चिमीकरण की प्रवृत्ति का चित्रण हिंदी उपन्यासकारों ने कथात्मक धरातल पर किया है।

ऊषा प्रियवंदा का उपन्यास 'अन्तर्वंशी' अमेरिका में बसे भारतीयों के समाज की पहचान कराता है। अमेरिका में रह रहे भारतीयों की जीवन शैली, रिश्तों और पूरी एक पीढ़ी की पीड़ा कथा है। वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय अपना देश छोड़ सपनों के नगर अमेरिका जाने की प्रबल चाहत रखते हैं। वे मानते हैं कि अमेरिका उनके सपनों को हकीकत में बदल सकता है। वहाँ जाकर अपने सपनों को पूरा करने की हसरत और उन स्वप्नों के पूरा न होने की कसक की बुनावट इस उपन्यास का कथ्य है। इस उपन्यास में नए सिरे से अमेरिका में बसे भारतीय समाज के अंतरबाह्य का गहरा परिचय दिया गया है। बनारस की सीधी सादी 'चुनमुन' का वाना बनने का सफर एक छोटे कस्बे की लड़की का दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की नागरिक में ढलने का रूपांतरण भूमंडलीय परिवेश में व्यक्ति के धीरे-धीरे पूरी तरह ढल जाने का बोध कराता है। यहाँ का जीवनमंत्र

है 'खूब कमाओं, खूब उड़ाओ' यह एक ऐसा समय है - "जहाँ अधिक से अधिक मेहनत करके अधिक से अधिक कमाना जीवनमंत्र है।"[1] यह मंत्र वैश्वीकरण का एक प्रमुख प्रकल्प है। यही सोच भोग को बढ़ावा दे रही है।

रवीन्द्र वर्मा 'दस बरस का भँवर' में उन लोगों की बात भी करते हैं जो सबकुछ पाने की लालसा में अमेरिका जाकर बस गए हैं। झांसी से अमेरिका जाकर बसे मदन जैसे लोग इसी प्रकार के हैं। मदन अपने देश के सफलतम युवक में से था जो अमेरिका जाकर बसता है। अमेरिका की धरती पर उसका अपना घर था, जहाँ दो गाड़ियाँ खड़ी थीं। वह दूसरे अप्रवासी भारतीय युवकों से एक कदम आगे था। उसने एक अमेरिकी लड़की से शादी की, जिसका नाम जेन था"[2]' मदन जैसे युवक जो झांसी से अमेरिका जाकर बस जाते हैं, देश के अन्य युवकों के लिए सफलतम व्यक्ति का उदाहरण बन जाते हैं और अन्य नौजवान भी अपना देश छोड़कर उसकी तरह सफल होने के लिए अमेरिका जाने का ख्वाब पालने लगते हैं और जब वे किसी भी तरह अमेरिका जाने में सफल नहीं हो पाते तो अवसाद व निराशा के शिकार हो जाते हैं। सफलता और सुख का पर्याय अमेरिका मानने की मानसिकता किसी भी देश या समाज की युवा पीढ़ी के लिए कदाचित शुभ संकेत नहीं है।

प्रभा खेतान अपने उपन्यास 'आओ पेपे घर चलें' में वैश्वीकरण के चलते भारतीयों में अमेरिका जा बसने और उनकी पीड़ा का वर्णन करती हैं। आर्थिक समृद्धि के बावजूद भी उनका मन अमेरिका में नहीं लगता। वे बार-बार भारत लौटना चाहते हैं परन्तु आज का भूमंडलीकृत परिवेश उन्हें ऐसा नहीं करने देता। न चाहते हुए भी वे अमेरिका में रहने को मजबूर हैं क्योंकि ये देश उनके सपनों को पूरा करने की कीमत भी वसूलता है। "दिल बिल्कुल उचटा हुआ था। यहाँ घर से दूर रात-दिन की मेहनत ऐसा लग रहा था, मानों किसी ने जड़ से उखाड़कर फेंक दिया है। मन रोने का कर रहा था।"[3] यहाँ व्यस्तता इतनी अधिक है कि व्यक्ति के पास रोटी खाने का भी समय नहीं है। रात-दिन बस भागमभाग वाली जिंदगी। कैसी बिडम्बना है इतनी मेहनत से जो रोटी कमाई है उसे खाने का ही समय नहीं, धन-वैभव है परन्तु सुखशांति छिन चुकी है।

वैश्वीकरण पूँजी के असमान वितरण पर टिका है। इसमें अमीर और अमीर तथा गरीब और अधिक गरीब होता जा रहा है। यही बात देशों के संबंध में भी लागू होती है। यदि एक वर्ग बहुत समृद्ध हो रहा है तो बहुसंख्यक वर्ग और गरीब होता जा रहा है। 'एक ब्रेक के बाद' उपन्यास में गुरु का यह संवाद वैश्वीकरण के इस सच को दिखाता है- "गरीबी, गंदगी, गरमी सब कुछ बढ़ रहा है और साथ ही अमीरी, गाड़ियाँ, नए होटल और केसिनों भी बढ़ रहे हैं।"[4] यह सच्चाई है जहाँ देश में अमीरों का प्रतिशत बढ़ रहा है वहाँ गरीबी कई गुना बढ़ रही है। यही कारण है कि उपन्यास का पात्र के.वी. इसे 'अर्थपिशाची' व्यवस्था मानता है।

'कलि-कथा: वाया बाइपास' में लेखिका एन. जी.ओ. संस्थानों की कलई खोलती है जो यू.एन.ओ., यूनेस्को आदि से देश की गरीबी मिटाने के लिए विभिन्न प्रकार के अनुदान लेती हैं किंतु गरीबी मिटाने के लिए बाहर से आए एक रूपए में अस्सी पैसे ये संस्थाएँ खुद अपने ऊपर ही खर्च कर लेती हैं।"[5] इसी उपन्यास के किशोर बाबू की पत्नी उनके द्वारा एकत्र अखबारों की कतरने देखती है जिसमें एकत्र कतरने देश और दुनिया में वैश्वीकरण के फलस्वरूप बढ़ती असमानता को उजागर करती हैं। एक दूसरे लिफाफे में बोसानिया के युद्ध, इराक-ईरान युद्ध, रूस में पाव- रोटी के लिए लंबी लाइन, इथोपिया के भूखे मरते बच्चों के चित्र उन्होंने डाल रखे हैं। तीसरे लिफाफे में बंगलूर की विश्व सुंदरी प्रतियोगिता, माइकल जैक्सन, देवराला सती के मामले में अभियुक्तों के दोषमुक्त होकर छूटने की सूचनाएँ इक्ट्ठी हैं।"[6] वस्तुतः यह अखबारों की कतरनें नहीं वरन् वैश्वीकरण के फलस्वरूप सत्ता के निर्मम चेहरे को बयां करता दस्तावेज है।

लेखिका बताती है कि वैश्वीकरण के फलस्वरूप भविष्य में कैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। जब तीसरा विश्व युद्ध तो नहीं होगा परन्तु हालात उससे भी बद्तर हो जाएंगे। उस भयावह समय की फंतासी बुनती लेखिका कल्पना करती है-"अचानक संसार में प्रकृति के पाँचों तत्त्व मिट्टी, जल, आग और हवा गड़बड़ा गए। और इसका प्रभाव सबसे पहले दुनिया के सबसे ताकतवर देश में दिखाई पड़ा। जब तक उस देश की सरकार कदम

उठाती कि दुनिया के दूसरे देशों को उसके पेड़-पौधे रहित होने का समाचार न मिले तब तक सारे देश इसके बारे में जान गए थे। परन्तु सारे देशों ने अपना-अपना अनाज तालों में बंद कर लिया ताकि वे भूखों न मर जाएँ। एक किलों सोने के बाद एक किलो गेहूँ तक देने को कोई देश तैयार न था।"[7] स्पष्ट है बढ़ती असमानता तथा पर्यावरणीय नुकसान के कारण भविष्य में यह स्थिति पैदा होने की लेखिका एक प्रकार से भविष्यवाणी करती है। वैश्वीकरण के बढ़ते प्रसार के कारण यह भविष्यवाणी सत्य भी हो सकती है। यह एक प्रकार से खतरे की घंटी है जो सभी को आगाह कर रही है।

वैश्वीकरण के फलस्वरूप समाज में अवसाद और तनाव का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। उपन्यासों में इस समस्या को भी उठाया गया है कि वैश्वीकरण के कारण यदि समृद्धि आ रही है तो वह नए तनावों तथा अवसाद का कारण भी है। रवीन्द्र वर्मा 'दस बरस का भँवर' में रतन के द्वारा उस नौजवान का खाका खींचते है जो आमिर खान और अंबानी से प्रभावित है। जल्द से जल्द अमीर बनना चाहता है। उसका मानना है कि जब गाड़ियों में पेट्रोल डालने वाला नौजवान अंबानी हो सकता है तो तू करोड़पति क्यों नहीं हो सकता है? हाँ इसके लिए अपना सब कुछ दाँव पर लगाना पड़ेगा।"8 परन्तु वास्तव में ऐसा संभव नहीं होता है। ऐसी स्थिति में जुआ, लॉटरी जैसे अपराधों द्वारा शार्टकट का प्रयास उन्हें अपराधी बना देता है। ऐसी स्थिति में राजन अंबानी या आमिर खान तो क्या स्वयं राजन भी नहीं रह पाता और अवसादग्रस्त होना उसकी नियति बन जाता है। उपन्यास में डॉ. पांडे ठीक ही कहते हैं- "हम जिस समय में जी रहे हैं, उसमें शिजोफेनिया का अन्देशा और भी ज्यादा है।"[9]

रजनी गुप्त अपने उपन्यास 'एक न एक दिन' में नई पीढ़ी के बढ़ते तनावों को रेखांकित करती है। वैश्वीकरण के फलस्वरूप कारपोरेट सैक्टर में युवाओं को ऊंचे पैकेज दिए जाते हैं परन्तु उनके जीवन का मशीनीकरण भी कर दिया जाता है। कम उम्र में, कम समय में ज्यादा कमाने के बाद भी वे तनावग्रस्त हैं। पैसे कमाने की अंधी दौड़ में वे मशीन बनकर रह गए हैं- "कोई नहीं समझना चाहता हमारे तनावों को? ओफ! कितनी भगदड़ मची रहती है हमारे अंदर-बाहर?" कभी-कभी लगता-मशीन में और हममें क्या फर्क रह गया है।"[10] इस पीढ़ी के सभी लोग 'महत्त्वाकांक्षाओं के भँवर जाल में' फंसे हैं जिसकी कोई हद कभी भी नहीं हो सकती।

"आओ पेपे घर चलें' में सोनिया प्रभा को विदेशों में रहते लोगों के तनावों से, संघर्षों से परिचित कराती कहती है-"यहाँ न्यूयार्क में अमेरिका के हर कोने से लोग आते हैं नाम, यश और पैसा कमाने, यहाँ की जिंदगी में संघर्ष केवल संघर्ष है। दिन महीने हो जाते हैं और महीने वर्ष, और बीतते हुए वर्षों के साथ हम झरने लगते हैं, मगर सफलता की भाग्यलक्ष्मी किसी-किसी के सिर पर हाथ रखती है।"[11] स्पष्ट है कि अमेरिकी समाज में तनाव कम नहीं है। इसलिए ही मरील प्रभा से कहती है "दुनिया को झेलने के लिए लौहे का कवच पहनना होगा।"[12]

'अन्तर्वंशी' की बाना भी अमेरिका में रहती है और अब पूरी तरह से वहाँ के रंग में रंग चुकी है। अमेरिकी संस्कृति में रहकर यही बाना वाइन भी लेती है और क्रिस्टीन के साथ समलिंगी संबंध भी बनाती है बेशक यह उसका पहला और अंतिम अनुभव होता है। 'मुझे चाँद चाहिए' की वर्षा भी हर्ष से विवाह पूर्व शारीरिक संबंध बनाती है, बिना विवाह किए उसके बच्चे की माँ बनती है और बड़े ही गर्व से अपने अविवाहित मातृत्व की घोषणा करती है। इस पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से भारतीय जीवन मूल्य का लगातार होता क्षरण भी इन उपन्यासों में देखने को मिलता है।

तमाम सुख सुविधाओं के बावजूद अकेलापन भी पश्चिमी सभ्यता ओर भौतिक समृद्धि की देन है यहाँ कोई किसी के सुख-दुख का भागीदार नहीं है| पेपे अपनी मालकिन की मृत्यु के बाद उसकी लाश के पास सात दिन तक अकेला बैठा रहता है। पास-पड़ोस का कोई व्यक्ति नहीं आता, ना मिलने के लिए और ना ही पूछताछ के लिए। यह है पश्चिमी सभ्यता इसमें पशु में तो मानवता दिखती है परन्तु मानव में ही मानवता का अभाव दृष्टिगोचर होता हैं। "आओ पेपे घर चले' में प्रभा को कैथी यहाँ के लोगों का उच्च महत्त्वाकांक्षाओं और उनसे उपजे तनावों

व अकेलेपन की परिणति के बारे में बताते हैं। यहाँ सुबह आदमी रॉकफेलर होने का सपना लेकर अपने साठवीं मंज़िल के ऑफिस में जाता है और शाम को दिवालिया होकर अपनी खिड़की से छलाँग लगा देता है।"[13]

आज सभी सुख-सुविधाओं की पूर्ति के लिए पति और पत्नी दोनों का कमाना आवश्यक हो गया है। इस कारण माता-पिता अपने बच्चों को क्रेच में छोड़ने को मजबूर हैं। कई बार दादा-दादी अथवा रिश्तेदारों के पास भी बच्चों को छोड़ना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बच्चे अपनी माँ को पहचानते तक नहीं है यह बात न केवल पीड़ादायक है बल्कि डरावनी भी है। 'एक न एक दिन' उपन्यास में बच्चों के भविष्य को लेकर नीति की चिंता वाजिब है। "सोचकर डर लगता है कि आने वाले बच्चों का भविष्य क्या होगा? कैसा होगा? दिन-भर के छोड़े बच्चे कितने असुरक्षित महसूस नहीं करेंगे? बेशक खूब पैसा रहेगा मगर प्यार करने वाले माँ-बाप के पास वक्त ही नहीं है कि वे उनकी मनुहार, लाड़, प्यार, गुस्सा और शिकायतों को सुन सकें। कितना कुंठित बचपन बीतेगा उनका? इसका अहसास है किसी को।"[14] वस्तुतः यह प्रश्न केवल नीति के ही नहीं हैं वरन् लेखिका ही आने वाले भविष्य के लिए यह प्रश्न समाज से कर रही है। इस भूमंडलीय समय का भयावह प्रश्न है जो समाज को आक्रांत कर रहा है।

आओ पेपे घर चले में तो लेखिका दिखाती है कि विदेशों में तो बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी से भी बचने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। लेखिका कैथरिन के विषय में बताती है जिसकी आयु तीस-बत्तीस वर्ष है परन्तु वह बच्चों को जन्म देना ही नहीं चाहती। "वह अपने में मग्न। बच्चा नहीं चाहिए। अपने आपकी बच्चे के लिए आहुति हो जाती है, मुझसे बच्चा नहीं सँभलेगा। बेबी सीटर पर पालने से अच्छा है, पैदा मत करो।"[15] पश्चिम में संतान उत्पन्न न करने की प्रवृत्ति उभर रही है और इसका प्रभाव हमारे देश में भी पड़ रहा है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा बनना आज सभी राष्ट्रों व लोगों के लिए अपरिहार्य हो गया है क्योंकि कोई भी विकास की दौड़ में पिछड़ना नहीं चाहता क्योंकि जो पीछे रह जाएंगे उन्हें शक्तिशाली देशों द्वारा रौंद दिया जाएगा और 'पिछड़े' बनकर कोई भी राष्ट्र कमजोर अशक्त नहीं रहना चाहता, अपने-अपने राम' उपन्यास में भगवान सिंह विकास की इसी अनिवार्य प्रक्रिया की बात करते हैं। जाबालि एवं वाल्मीकि संवाद में इसी भूमंडलीय समय की बात हो रही है। "उन्नति और समृद्धि के नए रास्ते खुल जाने पर जो लोग उन पर नहीं चल पाते, वे पिछड़ जाते हैं। इससे उनकी शक्ति कम हो जाती है। जो उन पर आगे बढ़ते हैं वे अधिक संगठित और शक्तिशाली हो जाते हैं। फिर वे पिछड़े, अशक्त और असंगठित लोंगों की अपनी संपदा को जब जी में आता है छीन लेते हैं।"[16]

उपभोक्तावादी संस्कृति बाजार में आने वाली फैशनेबुल चीजों को खरीदने भर का नाम ही नहीं हैं बल्कि यह एक विशिष्ट व्यवहार संस्कृति भी है। आर्थिक गतिविधि होने के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का भी नाम है। इसका चिंतन सांस्कृतिक विविधता की जगह एकरूपता का समर्थक है। "कोक, पेप्सी, मैकडोनल्ड्स, हॉलीवुड फिल्में, अमेरिकी चैनल अमेरिका के सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के प्रतिनिधि रूप हैं, जिन्हें आज दुनिया के हर छोटे- बड़े देश, हर नगर और कस्बे में आसानी से पाया जा सकता है।"[17] जवरीमल्ल पारख का मानना है कि यह केवल बाजार पर नियत्रंण का मसला नहीं है। यह दिमागों पर नियंत्रण का मसला भी है।

यह प्रक्रिया जिस संस्कृति को दुनिया भर में समान रूप में देती है, वह एक जैसी जीवन पद्धति है। यह कोई नहीं देखता कि अमुक व्यक्ति को इस बात की आवश्यकता है या नहीं; क्योंकि समाज के लिए एक तरह की वस्तुएँ जीवन पद्धति बन गई है। लोग इसका उपभोग प्रारम्भ कर देते हैं। यह आवश्यक नहीं की उपयोग की बात को उपभोक्ता काम में लेते ही हों। उपभोग करना एक ऐतिहासिक तथ्य बन जाता है और तब यह एक सार्वभौमिक आदत बन जाती है। उपभोक्तावाद मनुष्य की ऐन्द्रिक इच्छाओं का परिणाम है। पश्चिम की भोगवादी तथा ऐन्द्रिकता प्रधान जीवन शैली अमीरों के साथ-साथ गरीबों में भी लोकप्रिय होने लगी है। गरीब तबके का व्यक्ति आर्थिक और सामाजिक विषमताओं के विरूद्ध लड़ने के बजाय उपभोक्तावादी चकाचौंध में स्वयं को भुला देता

है। अपनी इच्छित वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग करने के लिए, उसमें सक्षम होने के लिए, लोग किसी न किसी प्रकार अपेक्षित क्रय शक्ति प्राप्त करने की कोशिशों में लगें हुए हैं और इसे प्राप्त करने के लिए वे नैतिक- अनैतिक कोई भी रास्ता अपनाने को तैयार रहते हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि चोरी, डकैती, तस्करी, घूसखोरी और ब्लैकमेल के फैलाव में उपभोक्तावाद का हाथ कम नहीं है। उपभोक्तावाद सुख कम देता है पर सुखी होने के सपने ज्यादा दिखाता है।

उपभोक्तावाद ने रचनात्मक संभावनाओं पर भी आघात किया है। आज कला, साहित्य, संस्कृति पर भी उपभोक्तावाद का प्रभाव पड़ रहा है। "उपभोक्तावाद ने मनुष्य की अन्य रचनात्मक संभावनाओं को समाप्त करके उसे केवल उपभोक्ता बना दिया है और जीवन को संचालित करने वाली प्रत्येक चीज को वस्तु में परिवर्तित कर दिया है।"[18]

भौतिक संसाधनों के उपभोग करने की लालसा को उत्तेजित और आकर्षित करके उसकी गाढ़ी संचित कमाई को उससे कैसे खींचा जा सकता है यही कमाल है उपभोक्तावादी संस्कृति का। इस उपन्यास में किशोर बाबू अपने पुत्र द्वारा नई मँहगी गाड़ी लाने पर उससे पूछते हैं कि इतना रुपया उसके पास कहाँ से आया? तो वह उत्तर देता है- "पापा, रूपये किसी से माँगने नहीं पड़े। आजकल सौ प्रतिशत फाइनेन्स पर गाड़ी मिलती है। बस किस्तों में रकम चुका देंगें।"[19] यह जवाब उपभोक्तावादी संस्कृति की फैलती जड़ों का सबूत है। किशोर बाबू की चिंता और पीड़ा सही है कि तो तुमने भविष्य के रूपये आज खर्च कर दिये हैं- "यानी वो रूपये जो आगे कमाओगे।"[20] उपभोक्तावादी संस्कृति ऐसे लोगों को वस्तुओं के प्रति उत्तेजित कर उकसाती है यदि पूरा पैसा नहीं है तो किस्तों में देते रहे। और लोग अपनी आमदनी से किस्तों में सूद के साथ पैसा भरते रहते हैं।

उपभोग और मांग केवल आय और कीमत संरचना से ही पूरी तरह प्रभावित नहीं होती बल्कि शान-शौकत तथा अहम् की भावना से भी प्रभावित होती है। किशोर बाबू का पुत्र भी पिता के समझाने पर अपने अहम् और शान- शौकत दिखाने के लिए अपने तर्क देता है- "देखते नहीं कितने लोग कैसे-कैसे किसलिए आत्महत्या कर रहे हैं। कोई लड़की इसलिए जहर खा लेती है क्योंकि उसका बाप उसे माधुरी दीक्षित वाली घाघरा-चोली लाके नहीं देता है और अपने इर्द-गिर्द क्या हो रहा है उसकी खबर है आपको? अभी मेरे दोस्त अरुण की पत्नी ने आत्महत्या कर ली क्योंकि अरुण उसे अपनी शादी की सालगिरह पर 'ताज बंगाल' नहीं ले गया था सेलीब्रेट करने और कांता भाभी का तो सबको मालूम ही है- "नये फर्नीचर और नये गहनों के सेट का दाम दिया नहीं भैयाजी ने। इसलिए ऐन दिवाली के पहले जहर खा लिया उन्होंने। दो दीदियों के घर में बड़ी गाड़ी है। हमारा मन नहीं होता क्या? क्या आप चाहते हैं कि जो भैयाजी के साथ हुआ मेरे साथ भी वही हो।"[21] यही सब बाते है जो उपभोग के लिए ऋण लेने की प्रवृत्ति को जन्म और बढ़ावा देती है। उपभोग की आदत ने मानवता व मानवीय मूल्यों को कुंठित कर दिया है।

वैश्वीकरण के फलस्वरूप जो एक विश्व व्यवस्था बन रही है उसमें विकासशील देशों के इतिहास और संस्कृति के लिए कोई जगह नहीं है, क्योंकि जब तक यह देश खुद की संस्कृति और इतिहास से मुक्त नहीं किए जाएंगे तब तक इस नई व्यवस्था को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं आ पाएंगे। यानी स्वयं को नई विश्व व्यवस्था के अनुरूप बनाने की शर्त अपनी पहचान को नष्ट करना है। यह सारी दुनिया को एक साँचे में ढालने की साजिश है। 'कलि-कथा: वाया बाइपास' में किशोर बाबू की बातों से लेखिका इस षडंयत्र की ओर संकेत करती है "तो क्या एक दुनिया ऐसी बनानी होगी जहाँ एक जैसे आदमी ही एक साथ रहें- एक जैसे रंग वाले, एक जैसे धर्म वाले, एक जैसी भाषा वाले जैसे- बद्रिका चिड़ियों को अलग पिंजरे में रखा जाता है वरना वे दूसरी चिड़ियों को मार डालती है या खुद मर जाती है।"[22]

'एक न एक दिन' उपन्यास में लेखिका ने दिखाया है कि किसी भी तरह तरीके से धन कमाने के लिए लड़कियाँ बार बाला, और कॉलगर्ल तक बन रही हैं। क्योंकि उन्हें ब्रांडिड वस्त्र, सेलफोन और पैसा चाहिए। यह

उपभोक्तावादी समय युवाओं को अनवरत भोग की लत लगाकर उनके विवेक का हरण कर रहा है। आज मानो लोगों के जीवन का एक ही मंत्र रह गया है "अपना सपना मनी-मनी। आज जीने का एक ही फार्मूला है- फाइनेंस, 'फन एंड फन'।"[23]

बाजार की सत्ता के समक्ष राजनैतिक सत्ता कम प्रभावशाली होने लगी है। सरकार लोगों तक पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने में असफल भले रही हो परन्तु कोक, पेप्सी के निर्माताओं के उत्पाद अबाध गति से सभी जगह पहुँच पाने में पूर्णतः सफल रही है 'कितने पाकिस्तान' में अर्दली अदीब से कहता है- "आज भी इंडिया के हजारों गाँवों में जहाँ पीने का साफ पानी नहीं पहुँच पाया है, वहाँ पेप्सी और कोक पहुँच चुका है।"[24] "इसी प्रकार 'शेष कादम्बरी' उपन्यास में बाजारवाद का असर कादम्बरी की बाड़मेर से इस रिपोर्ट में भी स्पष्ट देखा जा सकता है। इस देश को ओबिचुअरी लिख रही हूँ। तीन साल से लगातार सूखा पड़ रहा है और तीन साल से सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कोक, पेप्सी और बिसलेरी की कंपनियाँ हजारों गैलन माल ट्रकों में यहाँ भेज सकते हैं, सरकार पानी नहीं भेज सकती। पर कोक, पेप्सी का स्वाद गाय बैल को तो है नहीं और न इनके मालिकों के पास इन्हें खरीदकर पीने के लिए पैसा है।"[25] बाजार की प्रभुता का उसकी सत्ता का इससे बेहतर उदाहरण क्या होगा? आज सत्ता एक प्रकार से विश्व पूंजीवाद के हाथ में चली गयी है। बाजार की सत्ता का उदय हो रहा है जो अपने को राजनैतिक सत्ता के समानांतर खड़ा करने में सफल रही है। बाजार और साम्राज्य का संबंध बहुत निकट का है। बाजार साम्राज्य के लिए और साम्राज्य बाजार के लिए है। 'कितने पाकिस्तान' उपन्यास में अदीब इन दोनों के संबंध में ठीक ही कहता है- "बाजारों के लिए ही बनते हैं साम्राज्य! और साम्राज्यों को जीवित रखने के लिए ही बनाएँ जाते हैं बाजार! साम्राज्यों की नाभि बाजार से जुड़ी है साम्राज्यों का रूप बदल सकते हैं... वे प्रजातांत्रिक आर्थिक साम्राज्यों का रुप ले सकते हैं परन्तु, इन पूंजीवादी प्रजातंत्रों को जीने के लिए मुनाफे के बाजारों की जरुरत है.. बाजार! बाजार!! बाजार!!! यही है औद्योगिक क्रांति का सतत् जीवित रहने की मजबूरी का सिद्धान्त। यही है पूँजीवाद। इसी का दूसरा नाम है साम्राज्यवाद। तीसरा नाम है उपनिवेशवाद। और आज दस्तक देती हुई नई सदी में इसका नाम है - बाजारवाद।"[26]

वैश्वीकरण से पैदा हुए आधुनिक बाजार के माध्यम से स्त्री के प्रति अपना वस्तुपरक दृष्टिकोण, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उपयोगितापरक दृष्टि पितृसत्ता ने अपना रखी है। बाजार स्त्री को सेक्स के खिलोने के तौर पर प्रस्तुत करता है तो दूसरी ओर परंपरागत मजदूर के तौर पर जिस पर काम का बोझ जन्म सें उसकी नियति बनकर आता है। स्त्री को एक तो निजी क्षेत्र में पुरुष के समान वेतन मिलता और बाहर काम करने के बावजूद घर के अन्दर भी काम करना पड़ता है यानी दुगुना श्रम। नौकरी करने के बाद भी परम्परागत रूप से उसकी स्थिति वही है जो पहले थी। बाजार आज स्त्री को मुक्ति देता है तो परम्परा के नाम पर वापस ले भी लेता है। बाजार स्त्री को बोल्ड होने का आभास कराता है। पुरुष जगह बनाती स्त्री से भयभीत भी है। मनोचिकित्सक अरूणा बूटा का कहना है- "पुरुष सफल औरतों को सशंकित नजर से देखते हैं। वे सांस्कृतिक संकट के शिकार हैं। पुरुष एक खूबसूरत गुड़िया चाहता है, जो हर निर्णय में उस पर निर्भर करे। वह दिखाना चाहता है कि बागडोर उसी के हाथ में है।"[27]

वैश्वीकरण के दौर में पितृसत्ता आधुनिक होने का ढोंग कर रही है परन्तु अन्दर से आज भी पुरुष की मानसिकता में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। बाजार के माध्यम से पितृसत्ता ने स्त्री की यौनता का खूब फायदा उठाया है उसे एक वस्तु की भांति प्रचारित किया जाता है। स्त्री की देह का प्रयोग बाजार में लोगों को लुभाने के लिए किया जाता है इससे बाजार की नीयत का पता चलता है।

समाज के सारे मजबूत मुकामों पर पुरुषों का ही राज है। बाजार ने स्त्री की आदर्शवादी छवि के साथ-साथ उसे एक मुक्त स्त्री के रूप में अपने मनोभावों को दिखाने की आजादी भी दी है। "वैश्वीकरण के मूलतः विनाशकारी मंत्र ने चाहते न चाहते स्त्रियों की अस्मिता का विकास भी थोड़ा सा कर डाला है।"[28] स्त्री बाजार के

माध्यम से उपभोग की दृष्टि से तैयार की जाती है, जिसके पैमाने परंपरा और आधुनिकता के बीच होते हैं, फैशन की लिपाई-पुताई और एक विशेष शारीरिक बनावट के साथ। स्त्री को सुंदर, कोमल जैसे उपमानों में सामित कर दिया है। उपभोक्तावादी संस्कृति के चलते स्त्रियों पर पुरुषों का आधिपत्य बढ़ा ही है। खूबसूरती का ऐसा मानक गढ़ा जाता है कि सुबह से शाम तक विज्ञापनों के जरिए यही बताया जाता है कि कौन-सी क्रीम, पाउडर, लिपस्टिक, काजल, शैम्पू इस्तेमाल कर वे सुन्दर दिख सकती हैं। स्त्री के बुद्धि-विवेक की अपेक्षा उसकी देह को संवारने और उन्हें वहीं तक सीमित रखने का प्रयत्न किया जाता है।

अब इंसान को संसाधन माना जाने लगा है उसका भी दोहन वैसे ही किया जा रहा है, जैसे कुदरत के अन्य करिश्मों का। यह तरक्की है अथवा पतन सोचने का विषय है। बाजार का ही कमाल है कि आज स्त्री की कोख भी बिकाउ मानी जाने लगी है। पैसे की शक्ति से पुरुष सोचने लगा है कि वो औरत की कोख भी अन्य वस्तुओं की भाँति खरीद सकता है। 'आंवा' उपन्यास में नमिता के स्वाभाविक गर्भपात हो जाने पर संजय कनोई का यह संवाद- "जानती हो बाप बनने के लिये मैंने तुम्हारे ऊपर कितना खर्च किया? उस मामूली औरत अंजना वासवानी की औकात है कि तुम्हारे ऊपर पैसा पानी की तरह बहा सके। उसका जिम्मा सिर्फ इतना भर था कि वह मेरे पिता बनने में मेरी मदद करे और सौदे के मुताबिक अपना कमीशन खाये।"[29] उसकी बाजारू मानसिकता का उद्बोधक है। संजय कनोई नमिता से प्रेम का नाटक करता है और धन इसलिए खर्च करता है कि उसे नमिता की कोख से संतान प्राप्ति की इच्छा होती है।

'आंवा' की गौतमी यदि नमिता को स्त्री देह के तिलिस्म का रहस्य समझाती है तो 'एक जमीन अपनी' की अंकिता अपनी मॉडल सहेली नीता को विज्ञापन जगत में हो रहे स्त्री शोषण के नए आयामों के बारे में बताती है "अधिकार, आधुनिकता, समता और स्वतंत्रता के नाम पर पुरुषों द्वारा ही अखबारों, पत्रिकाओं, विज्ञापनों, फिर पास्टरों, स्लाइडस के माध्यम से स्त्री को सौपी जा रही है.....बड़ी चतुरता से काया-कल्प के बहाने जिंस को जिंस बनाए रखने का षड्यंत्र!... क्या यही स्त्री को चाहिए?... स्त्री अब भी इस्तेमाल हो रही है।"[30] अंकिता जब मॉडल को देखती है तो सोचने पर मजबूर हो जाती है- "लोगों की दृष्टि में आकर्षण का केंद्र या गिद्ध दृष्टियों के बीच मांस का टुकड़ा।"[31]

स्वयं प्रकाश का उपन्यास 'ईंधन', बाजारवाद और वैश्वीकरण के लिए ईंधन बन गए आदमी की व्यथा-कथा कहता है। प्रियवंदा के 'परछाईं नाच' में देश की बदलती आर्थिक तस्वीर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बोलबाला है। पूँजीपतियों ने समूची व्यवस्था को अपने अनुरूप बना रखा है। रवीन्द्र वर्मा के उपन्यास 'जवाहर नगर' में उपभोक्तावाद और बाजारीकरण के फलस्वरूप एक बस्ती-जवाहर नगर में आ रहे बदलाव की कथा है। उपभोक्तावाद ने लोगों में ऐसी इच्छाएँ, लालसाएँ पैदा कर दी हैं कि उन्हें पूरी करने के लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। कामतानाथ का उपन्यास 'समुद्र तट पर खुलने वाली खिड़की', तीर्थ स्थानों में बढ़ती भौतिकता, बाजारीकरण तथा पूँजीवादी दबावों को उजागर करता है।

सुषमा जगमोहन का उपन्यास 'जिंदगी-ई-मेल', मध्यमवर्गीय परिवारों की असीमित महत्त्वाकांक्षा और भौतिकता के पीछे भागने से पैदा हुई परिस्थितियों का अंकन करता है। पति-पत्नी को जिंदगी ईमेल तक सिमट कर रह जाती है। कुसुम कुमार का उपन्यास 'पूर्वी द्वार' भी भौतिकता के पीछे भागते लोगों की कथा है, जिसमें सुखी घर पीछे छूट जाते हैं। इस उपन्यास में परिवारों में सेंध लगाती बाजारवादी मानसिकता, भौतिकवादी स्वार्थी प्रवृत्ति को दिखाया है। प्रकाश शुक्ल के उपन्यास 'आकाश अपने-अपने' में अधिक धन कमाने के लोभ में विदेश में जा बसने वाले लोगों के दुख-दर्द, तकलीफ को बयां किया गया है। इस प्रकार हिंदी के अनेक उपन्यासकारों ने अपने उपन्यासों में वैश्वीकरण के विभिन्न प्रभावों, उपभोक्तावाद, मूल्य-संक्रमण, बाजारू मानसिकता, पैसों की अंधी दौड, बाजार की प्रभुता, और भारतीयों के पश्चिमीकरण पर विभिन्न रूपों में चिंता प्रकट कर अपना रचनात्मक आक्रोश व्यक्त किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. उषा प्रियवंदा- अंतर्वंशी, पृ0. 203, संस्करण 2000, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. रवीन्द्र वर्मा - दस बरस का भंवर, संस्करण 2007, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. प्रभा खेतान - आओ पेपे घर चले, संस्करण 1990, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. अलका सरावगी - एक ब्रेक के बाद, संस्करण 2008, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. अलका सरावगी - कलि कथाः वाया बाईपास, पृ. 189, पांचवा संस्करण 2011, आधार प्रकाशन, पंचकूला, हरियाणा।
6. वही - पृ0, 110
7. वही - पृ0, 214
8. रवीन्द्र वर्मा - दस बरस का भंवर, पृ0. 80
9. वही - पृ0, 73
10. रजनी गुप्त - एक न एक दिन, पृ0.22
11. प्रभा खेतान - आओ पेपे घर चले, पृ0. 147
12. वही - पृ0.25
13. वही - पृ0.110
14. रजनी गुप्ता - एक न एक दिन पृ0. 325
15. प्रभा खेतान - आओ पेपे घर चले, पृ0.105
16. भगवान सिंह - अपने अपने राम, पृ0. 54
17. जबरीमल्ल पारख - सांस्कृतिक साम्राज्यवाद, पृ0. 50 सम्पादक, रमेश उपाध्याय, संस्करण 2009 शब्दसंधान, प्रकाशन, नई दिल्ली।
18. सच्चिदानंद सिन्हा - उपभोक्ता संस्कृति का विकास, पृ0. 84 सम्पादक, रमेश उपाध्याय, संस्करण 2009 शब्दसंधान, प्रकाशन, नई दिल्ली।
19. अलका सरावगी - कली-कथा: वाया बाईपास, पृ0. 198
20. वही
21. वही - पृ0. 199
22. वही - पृ0. 60
23. रजनी गुप्त - एक न एक दिन, पृ0. 311
24. कमलेश्वर - कितने पाकिस्तान, पृ0. 291
25. अलका सरावगी - शेष कादम्बरी, पृ0 44, संस्करण 2001, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
26. कमलेश्वर - कितने पाकिस्तान, पृ0. 291, चौदहवां संस्करण, 2010, राजपाल एंड सन्स, कश्मीरी गेट, दिल्ली।
27. राजेन्द्र यादव - हंस पत्रिका, पृ0 34, मार्च 2001
28. वही - पृ0. 97
29. चित्रा मुदगल - आंवा, पृ0 539, प्रथम संस्करण, 1999, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली।
30. चित्रा मुद्गल - एक जमीन अपनी, पृ0. 94, संस्करण 2010, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
31. वही - पृ0. 85

डॉ. रीता
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग

खामोशी और तन्हाई

खामोशी और तन्हाई में
बैठे कुछ सोचती रहती हूं|
अपनों को खोजती रहती हूं
कुछ मीठी यादें याद आती हैं
चेहरे पर मुस्कान छोड़ जाती हैं|

जिंदगी के इस सफर में
कुछ खोते हैं, कुछ पाते हैं
अकेलेपन में ही तो खामोशियों को सुन पाते हैं|

कोई प्यार से पुकारे तो मन बहलता है
कोई मुस्कान दे तो दिल खिल उठता है
सिर्फ धूप और पानी से ही नहीं
प्यार और खुशी से भी एक फूल खिल उठता है|

पास रहकर भी बहुत दूर चले जाते हैं
कितना भी पुकारो पास नहीं आते हैं
जाने का गम तो छोड़ जाते हैं
पर जीने की सीख जरूर छोड़ जाते हैं|

समंदर की लहरों में कुछ गम पीछे छूट जाते हैं
रात के गहरे अंधेरे में कई चेहरे छुप जाते हैं
सूरज की किरणें नए रिश्ते साथ लाती हैं
खुलकर जीने का फलसफा सिखलाती हैं|

खुश रहकर जीना आसान हो जाता है
हंसती आंखों में गम छिप जाता है
प्यार से संजोए इन रिश्तों की माला में
अपना पूरा संसार नजर आता है|

डॉ. जसप्रीत कौर
सहायक प्रोफेसर, प्राणी विज्ञान विभाग

"मेरा भारत"

देखे देश कई
कोई मेरा वतन-सा नहीं
हरा-भरा देश मेरा
खेती है पेशा बड़ा
आदर्श संस्कृति का साया है
जिसमें मेरा महान देश पनप पाया है
दुश्मनों ने रौंधा कई बार
फिर भी धैर्य नहीं गवाया है।।
सस्कृति का हाथ पकड़े
आधुनिक सभ्यता को अपनाया है
जिसने नई ऊंचाईयों पर कदम रखवाया है
आज मेरा नवीन भारत उभर कर आया है।।
जवानों के कदमों ने
लाखों दुश्मनों को कप-कपाया है
आधुनिक उपकरणों ने काम आसान बनाया है
आज मेरा आधुनिक भारत सामने आया है।।
कहीं रेत है कहीं हरियाली
कहीं बर्फ़ कहीं पानी है
लेकिन चारों तरफ सिर्फ
सुंदर हिन्दूस्तान की रवानी है।
हिमालय से बहती हवा
देशभक्ति का पैग़ाम सुनाती है
गाती लहरें भी सिर्फ
हिन्दूस्तान -हिन्दूस्तान चिल्लाती हैं।
चिड़ियों की चहचहाट ने सबुह उठाया है
जाते सूरज ने सोने का पैग़ाम सुनाया है
ये हमारी पुरानी परंपरा का साया है।।
ये भारत!!
आते मुसाफिरों का ठिकाना है
जाड़ों में लाखों पक्षियों का हौज है
"अथिति देवो भव:" का सम्मान कराया है
ये भारत ही है
जिसने समस्त विश्व को एक परिवार बताया है।।
"वसुधैव कुटुम्बकम्"!! का नारा लगाया है।।
नये भारत की नई सोच को
भारतवासियों ने अपनाया है
नीरज हरनाज़ ने भारत का मान बढ़ाया है
पैराओलंपिक में भी भारत ने परचम लहराया है।।
तिरंगा इसकी शान
संस्कृति इसकी आन
और धैर्यता इसकी पहचान
इसलिए तो सब देशों में
मेरा भारत देश महान।।

रितिका यादव
द्वितीय वर्ष, प्राणी विज्ञान (विशेष)

"औछी राजनीति "

हर ओर उदासीनता का साया है
नारी के सम्मान पर काला बादल घिर आया है
परंतु!!
राजनीति का पैर अब भी ओछेपन से नहीं डगमगाया है।।
नारी सुरक्षा की चिंता नहीं
एक नया वोट बैंक नज़र आया है
दलितों को खरीदने का एक नया तरीका आजमाया है
हर ओर औछी राजनीति का काला साया है
चिता की धधक्ति ज्वाला ने
हर ओर अंधेरा लाया है
बेटी की चिता से कोसो दूर
उसके पिता का बेबस साया है।।
एक नई "निर्भया" के साथ
कैसा हिन्दूस्तान उभर कर आया है।।

द्वितीय वर्ष प्राणी विज्ञान (विशेष)

मैं कौन हूं? (एक नारी का परिचय)

मैं वक्त हूं, मैं राग हूं,
मैं जल रही वो आग हूं।
जो उड़ चलूं इन हवाओं में,
तो बदलते मौसम की आग़ाज़ हूं।
जो मुश्किलों से कभी डरा नहीं,
मैं उस पिता की शाख हूं।
मैं काली का क्रोध लिए, निर्भया की आवाज हूं।
द्रोपदी की अंश मैं
रघुवंश की सम्मान हूँ।
मामूली- सी एक लड़की नहीं,
मैं अपने पिता का स्वाभिमान हूं।।
झुका दे जो सागर को,
रघुवीर की वो बाण मैं
सूर्य-सी ताप लिए वीर शिवाजी की संतान मैं।
गोकुल की गलियों में बिखरी, मुरली की एक तान हूं।
द्वेष को जो हर ले मन से, मैं कान्हा की वो मुस्कान हूं। बढ़े कुकर्म इस काल में तो, मैं सृष्टि की पुकार हूं।
जो उठे आंख शक्ति पर, तो मैं शिव की हुंकार हूं।
नारी कहते लोग मुझको, नर की मैं पहचान हूं।
बैठा है कैलाश पर जो उस महादेव की निर्माण हूं।
जननी मैं ही, मैं ही माया ।
मुझ से उत्पन्न होती काया ।
मुझ से ममता, दया भी मैं हूं।
सीता- सी समर्पण भी मैं हूं।
प्रकृति में मैं, सृष्टि में मैं।
प्रभु की रची नियति में मैं।
करुणा का स्वरूप हूँ।
मैं गायत्री का रूप हूँ।।

ज्योति झा
द्वितीय वर्ष, प्राणी विज्ञान (विशेष)

मां

मैंने कई मरतबा देखा था तुम्हें
आर्द्र नयनों से
भीगते हुए
सिसकते- कसकते
चहकते- महकते
स्वयं को मिटते
हुए रोज पर
बरबस चहकते हुए
मर्म समेटे, मुस्कुराहट लिए
गहन अंधकार को
तराशते पुनः नवतरण
लौटते अभिन्न, असहज
अक्षुण्ण सहृदय से
नव कर्म में आशीष लिए
नित्य तुम संग हो 'मां '

सौम्या
द्वितीय वर्ष, बी.एससी. प्राणी विज्ञान (विशेष)

अनुक्रमणिका

क्रमाङ्कः	विषयः	लेखकः/लेखिका	पृष्ठाङ्कः
१.	भाषाविज्ञानविमर्शः	डॉ. अनिरुद्ध ओझा	२
२.	संस्कृतभाषा जनभाषा कथं भवेत्	डॉ. धर्मेन्द्र कुमारः	८
३.	काव्यस्यात्मा ध्वनिः	डॉ. रेखा कुमारी	९
४.	लघु-कथा साधूनां जीवनम्	डॉ. राहुलरञ्जनः	१३
५.	संस्कृतभाषायाः महत्त्वम्	निहारिका खुराना	१७

भाषाविज्ञानविमर्शः

विषयप्रवेशः– मनुष्याः स्वभावं प्रकटयितुं यत् अर्थपूर्णं वाचिकं च साधनं प्रयुञ्जते, तत् साधनविशेषं भाषा इति उच्यते। भाषा वस्तुतः मानवशरीरे दिव्यांशत्वेन प्रतिष्ठिता अस्ति। या लोके केवलं मनुष्येभ्यः एव उपलभ्यते। यथोक्तं भगवता भर्तृहरिणा–

वाग्रूपता चेदुत्क्रामेदवबोधस्य शाश्वती ।
न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्शिनी ।।

– *वाक्यपदीयम् १/१२४*

इयं दिव्यज्योतिः सर्वेषु लोकेषु स्वप्रकाशं प्रसारयति। अस्य भाषारूपप्रकाशस्य अभावे अयं संसारः सर्वथा अन्धकारेण आवृत्तः स्यात्। यथोक्तं भगवता दण्डिना–

इदमन्धतमः कृत्स्नं जायेत् भुवनत्रयम्।
यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारं न दीप्यते।।

- *काव्यादर्शः, १/४*

अनया एव मनुष्याः अस्मिन् जगति श्रेष्ठः प्राणी इति पूजिताः भवन्ति। वैदिकऋषयः सर्वप्रथमं ऋग्वेदस्य वाक्सूक्ते भाषायाः दिव्यस्वरूपस्य प्रतिपादनं कृतवन्तः सन्ति। तत्र ऋषयः कथयन्ति यत् भाषायाः वाक्तत्वमेव तद्दिव्यज्योतिः यत् मनुष्यान् ऋषित्वेन, देवत्वेन, विद्वत्वेन च परिवर्धयति। यथोक्तम्–

अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्॥

- *ऋग्वेदः, १०/१२/५*

अस्मादेव मनुष्याः स्ववाक्व्यवहारद्वारा ज्ञानविज्ञानस्य सर्वेषु क्षेत्रेषु स्वस्य आधिपत्यं स्थापितवन्तः सन्ति। वस्तुतः यस्मिन् शास्त्रे भाषायाः वैज्ञानिकाध्ययनं भवति तत् भाषाविज्ञानम् इति उच्यते। भाषाविज्ञानस्य वर्तमानरूपं यत् वयं पश्यामः तत् पाश्चात्यपण्डितानां मनसः उत्पादः अस्ति। परन्तु संस्कृतशास्त्रपरम्परायां बहुप्राचीनकालादेव भाषायाः अध्ययनस्य प्रवृत्तिः वर्तते। यथा – शिक्षाशास्त्रे भाषायाः सूक्ष्मविमर्शः अभवत्। तत्र ध्वनिविज्ञानस्य विविधघटकतत्त्वानि सम्यक्तया प्रतिपादितानि सन्ति । निरुक्ते प्रातिशाख्ये च शब्दानां व्युत्पत्तिः निरुक्तिश्च संजातः। तत्र धातूपसर्गप्रत्ययादिविषयाणां अध्ययनं विश्लेषणं प्रतिपादनं च भवति। तेषां पद-पदार्थ विश्लेषणान् वैज्ञानिकाध्ययनत्वमिति वक्तुं शक्यते। संस्कृतव्याकरणशास्त्रपरम्परायामपि बहवः आचार्याः ग्रन्थाश्च सन्ति यत्र भाषाविज्ञानस्य

प्रमुखघटकतत्वानां सम्यक् विश्लेषणं प्रतिपादनं च सञ्जातः। भगवता पतञ्जिना महाभाष्ये तथा भर्तृहरिणा वाक्यपदीये शब्दार्थविश्लेषणत्वेन भाषाविज्ञानस्य विविधपक्षाः निरूपिताः। तत्र शब्दमिति ब्रह्मत्वेन प्रतिपाद्य अक्षरसंज्ञया समुद्घोषितोऽस्ति। यथोक्त भगवता भर्तृहरिणा–

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्वं यदक्षरम् ।
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः॥

- *वाक्यपदीयम्, १/१*

प्रकारान्तरेण वाक्यपदीयमपि भाषाध्ययनस्य ग्रन्थोऽस्ति। संस्कृतसाहित्ये दर्शने चापि शब्दार्थरसभावानां विवेचने सूक्ष्मत्वेन भाषावैज्ञानिकतत्वानामेव दर्शनं भवति। संस्कृतवाङ्मये इतस्ततः यदुपलभ्यमानानि भाषासम्बन्धीतत्वानि सन्ति तान्येवतत्वानि वर्तमानकालिकभाषाविज्ञानस्य आधारभूतानि सन्ति। आधुनिकविषयत्वेन भाषाविज्ञानस्य प्रवर्तनं यूरोपे १७८६ तमे वर्षे सरविलियमजोन्सनामधेयः विदुषा कृतम् इति मन्यते। संस्कृतभाषायाः अध्ययनस्य सन्दर्भे सरविलियमजोन्समहोदयः संस्कृत-ग्रीक-लैटिन-भाषाणां तुलनात्मक-अध्ययनं कुर्वन् एतासां त्रयाणां भाषाणां उत्पत्तिः सम्भवतः एकमेव भाषा एव आधाररूपेण विद्यते इति सम्भावनाम् अभिव्यक्तवान्। तस्य प्रत्ययानुसारेण एतेषां त्रयाणां भाषाणां मध्ये सूक्ष्मः सम्बन्धः अवश्यमेव भवितव्यः इति। सरविलियमजोन्समहोदयेन भाषाणां एतादृशः तुलनात्मकः अध्ययनः आधुनिकभाषाशास्त्रस्य क्षेत्रे प्रथमं सोपानम् इति संजातः ।

भाषाविज्ञानस्य विविधनामानि – भाषाविज्ञानं मूलतः पाश्चात्यविदुषां चिन्तनस्योत्पादः अस्ति। भारतीय चिन्तनपरम्परायां प्राचीनकाले भाषायाः विभिन्नभागानाम् अध्ययनार्थं भिन्नाः शब्दाः प्रचलिताः आसन्। यथा – शिक्षा, निरुक्तम्, व्याकरणम्, प्रातिशाख्यम् इत्यादिः। एतेषां शास्त्राणां सम्बन्धः भाषायाः कस्यचित् भागविशेषेण अस्ति। वर्तमानभाषाविज्ञानस्य पाश्चात्यदेशेषु अनेकानि नामानि प्रचलितानि सन्ति। यथा– Comparative Grammar, Comparative Philology, Glossology, Glottology इत्यादिः। आंग्लभाषायां Science of Language, Linguistics अपि प्रचलिताः सन्ति। Linguistics इति शब्दः वस्तुतः लैटिनभाषायाः लिंगुआशब्देन निर्मितः। फ्रांसदेशे अद्यापि भाषाविज्ञानस्य कृते Linguistique इति शब्दः प्रचलितः। ततः एव आंग्लभाषायां Linguistic इति नाम स्वीकृतः। कालान्तरे (एकोन्नविंशतिः षष्ठीतमेवर्षे) Linguistic तः Linguistics इति रूपेण परिवर्तितः सञ्जातः। जर्मनभाषायां भाषाविज्ञानस्य कृते Sprachwissenschaft शब्दस्य प्रयोगो भवति। भारतीयचिन्तनपरम्परायां प्राचीनकाले भाषाविज्ञानविषयकाध्ययने व्याकरणं, शब्दानुशासनं, शब्दशास्त्रं, निर्वचनशास्त्रञ्चेति शब्दाः प्रचलिताः आसन्। अधुनातने तस्य कृते तुलनात्मकभाषाविज्ञानं,

भाषाविज्ञानं, भाषाशास्त्रं, तुलनात्मकभाषाशास्त्रं, शब्दशास्त्रं, भाषिकी चेत्यादि शब्दाः प्रचलिताः सन्ति। वर्तमानकाले एतेषु शब्देषु भाषाविज्ञानं भाषाशास्त्रञ्चेति शब्दौ व्यवहृतौ स्तः। वस्तुतः भाषाविज्ञाने भाषासम्बन्धी सर्वेषां तत्त्वानां समावेशो जायते। अतः भाषाविज्ञानमिति शब्दः प्राचुर्येन प्रचलितोस्ति।

भाषाविज्ञानस्य परिभाषा– संस्कृते भाष्–व्यक्तायां वाचि धातोः अङ्+टाप् प्रत्यये कृते भाषा शब्दस्य निष्पतिर्जायते। यस्यार्थः भाष्यते व्यक्तवाग् रूपेण अभिव्यज्यते इति भाषा। वि उपसर्गपूर्वक् 'ज्ञा' धातोः 'ल्युट्' प्रत्यये कृते विज्ञानशब्दस्य निष्पतिर्जायते। यस्यार्थः विशिष्टं ज्ञानं इति विज्ञानम्, भाषायाः विज्ञानम् इति भाषाविज्ञानम्। अतः ज्ञायते यत् भाषाविज्ञानं तद् विज्ञानमस्ति यत्र भाषायाः सर्वांगीणं विश्लेषणात्मकम् अध्ययनं भवतीति। उक्तं कपिलदेव द्विवेदिना–

भाषाया यत्तु विज्ञानं सर्वाङ्गं व्याकृतात्मकम्।
विज्ञानदृष्टिमूलं तद् भाषाविज्ञानमुच्यते॥

\- *भाषाविज्ञानम्, पृ.-६*

एतदतिरिक्तमपि बहवः खलु पौरस्त्याः पाश्चात्याश्च आचार्याः सन्ति ये भाषाविज्ञानस्य स्व-स्व मतानुसारैः परिभाषां प्रदतवन्तः सन्ति।

भाषाविज्ञानस्य अंङ्गानि – भाषाविज्ञानं भाषायाः सर्वांगीणाध्ययनं विश्लेषणं च करोति। अतः तत्र भाषायाः सर्वेषां घटकानां सम्यकतया विश्लेषणं प्रतिपादनञ्च भवति। प्रधानत्वेन भाषायाः चत्वार्यङ्गानि सन्ति। यथा–

१. ध्वनिविज्ञानम्, २. पदविज्ञानम्, ३. वाक्यविज्ञानम्, ४. अर्थविज्ञानञ्च।

१.ध्वनिविज्ञानम् – ध्वनिस्तु भाषायाः मूलतत्त्वमस्ति। अत्र ध्वनेः सम्यक्तया विश्लेषणं भवति। यथा– किं नाम ध्वनिः, कियद्धवनिः, तेषां वर्गिकरणं केन कथं जायते। केन प्रकारेण तेषां सम्प्रेषणं भवति। तेषां भेदकत्वस्य कारणं किम्। अत्र भाषावैज्ञानिकैः प्रतिपादितानां ध्वनिनियमानां विवेचनं सविस्तरेण भवति। संस्कृतशास्त्रपरम्परायां ध्वनिविज्ञानस्य समयक्तया निरूपणं शिक्षाशास्त्रे, प्रातिशाख्ये व्याकरणे च जातम्। ध्वनेः वैशिष्टये यथोक्तं आचार्याः–

ध्वनेर्विश्लेषणं शिक्षा वर्णनं च विभाजनम्।
परिवृत्त्यादीतिहासश्च ध्वनिविज्ञानमुच्यते॥

\- *भाषाविज्ञानम्, पृ.– १०७*

\-

ध्वनेरुत्पत्तिर्विषये भगवता पाणिनिः कथयति–

आत्मा बुद्धया समेत्यार्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥

– *पाणिनीयशिक्षा, श्लो. – ६*

मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्।
प्रातस्सवनयोगं तं छन्दो गायत्रमाश्रितम्॥

– *तत्रैव, श्लो. – ७*

सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापद्य मारुतः।
वर्णाञ्जनयते तेषां विभागः पञ्धास्मृतः॥

– **तत्रैव, श्लो. – ९**

२. पदविज्ञानम् – विविधध्वनिनां समन्वयेन पदस्योत्पतिर्जायते। भाषाविज्ञानस्य अस्मिन्नाङ्गे पदस्य स्वरूपं किं, केन कथं निर्माणं जायते, पदस्य कानि घटकत्त्वानि सन्ति, तेषां विभाजनं केन कथं भवति। कानि सन्ति लिंगविभक्तिवचनपुरुषकालप्रकृतिप्रत्ययोपसर्गादिनि। एतेषां भाषायां किमुपयोगः, कति भेदाः सन्ति। इत्यादिः विषयानां विवेचनं विश्लेषणञ्च भवत्यत्र। संस्कृतस्य आचार्याः पदविज्ञानस्य वैशिष्ट्ये उक्तवन्तः यथा–

प्रकृतिप्रत्ययैर्मिश्रं सार्थकध्वनिसंगमात्।
रूपनिर्माणसंबद्धं पदविज्ञानमुच्यते॥

– *भाषाविज्ञानम्, पृ.– २५५*

भाषाविशेषसंबद्धो लघिष्ठः सार्थको ध्वनिः।
बद्धमुक्तगुणैर्युक्तो रूपिमः कथितो बुधैः॥

– *तत्रैव*

पदविज्ञाने व्याकरणिककोटिनां सम्यक् निरूपणं संजातः। पदविज्ञाने शब्दविज्ञानस्यान्तर्भावो जायते। अत्र शब्दनिर्माणस्य प्रक्रियायाः अध्ययनं भवति। अत्रोपसर्गः प्रकृतिप्रत्ययादि संयोगपूर्वकः शब्दस्य निष्पतिर्भवेदिति पदविज्ञानस्य प्रमुखविषयः।

वाक्यविज्ञानम् – भाषाविज्ञानस्य अस्मिनङ्गे वाक्यस्य विविधस्वरूपं भेदञ्च प्रतिपाद्यते। वाक्यस्य निर्माणं पदानां संयोगत्वेन भवति। तत्र पदानां ऐकः विशिष्टः क्रमः विद्यते। अयोगात्मकभाषासु पदक्रमस्य वयाकरणिक महत्वमस्ति। वाक्यविज्ञाने पदक्रमस्य अध्ययनं भवति। वाक्यविज्ञानस्य अध्ययने आकृतिमूलकवर्गिकरणं तथा वाक्यविभाजनमपि भवति। वाक्यविज्ञाने स्वरूपदृष्ट्या

अर्थदृष्ट्या वयाकरणादिशास्त्रदृष्ट्या च वाक्यानां वर्गिकरणं सञ्जायते। संस्कृतस्य आचार्याः वाक्यविज्ञानस्य वैशिष्ट्ये उक्तवन्तः यथा–

वाक्यानां रचना भेदाः परिवृत्तिः पदक्रमः।
वाक्यविश्लेषणं चैव वाक्यविज्ञानमिष्यते॥

– *भाषाविज्ञानम्, पृ.– २९५*

अनेन ज्ञायते यत् भाषायां वाक्यस्य विशिष्टं स्थानमस्ति। वाक्यं विना अर्थवोधौ न भवितुं शक्नोति। यथोक्तं भर्तृहरिणा–

पदे न वर्णा विद्यन्ते वर्णेष्ववयवा न च।
वाक्यात् पदानामत्यन्तं प्रविवेको न कश्चन।।

– *वाक्यपदीयम् १–७३*

अर्थविज्ञानम्– भाषायाः प्राणतत्त्वमस्ति अर्थविज्ञानम्। अस्यार्थवत्ता ध्वनिपदवाक्यानां सार्थकत्वेन सन्निहितःभवति। अत्र शब्दार्थस्याध्ययनं भवति। भाषाविज्ञानस्य अस्मिनङ्गे संकेतग्रहाणां साधकबाधकतत्वानां तथा च शब्दशक्तिनां समावेशो संजायते। भाषा परिवर्त्तनीया भवति, अतः अर्थविज्ञाने अर्थपरिवर्तनस्य क्षेत्राणां,कारकाणामपि अध्ययनं भवति। अर्थस्तु शब्दरूपात्मकशरीरस्य आत्मा अस्ति। येन प्रकारेण शरीरस्य ज्ञानाद् आत्मज्ञानमपेक्षितं तेनैव प्रकारेण ध्वनिपदवाक्यज्ञानादर्थरूपात्मकं आत्मज्ञानमपेक्षितम्। उक्तं भर्तृहरिणा– **यन्नेत्रः प्रतिभात्माऽयं भेदरूपः प्रतीयते।(वाक्यपदीय १–१०९)** अनेनैवप्रकारेण संस्कृतस्य अन्याः आचार्याः अपि अर्थविज्ञानविषये उक्वन्तः–

सुश्रुषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणं तथा।
ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः॥

– *महाभारतम्, वनपर्वः २–१९*

यथा च चोदनाशब्दो वैदिक्यामेव वर्तते।
शब्दज्ञानार्थविज्ञानशब्दौ शास्त्रे तथा स्थितौ॥

– *श्लोकवार्तिकः, शब्दपरिच्छेदः–१३*

भाषाविज्ञानस्य महत्वं वैशिष्ट्यञ्च– भाषाविज्ञानं वस्तुतः एकं विज्ञानमस्ति। विज्ञानं स्वतः निरपेक्षं भवति। भाषायाः तात्त्विकविवेचनं तत्त्वसंदर्शनमेव तस्य परमलक्ष्यमस्ति। तत्त्वसंदर्शनेन बौद्धिकशान्तिः

आनन्दानुभूतिश्च भवति। अतएव इदं वैज्ञानिकचिन्तनं निरपेक्षत्वादपि सापेक्षत्वमस्ति। अनया दृष्ट्या भाषाविज्ञानस्य निम्नलिखितानि वैशिष्ट्यानि सन्ति–

भाषाविज्ञानं वस्तुतः भाषाविषयकजिज्ञासानां प्रशमनं करोति। अनेन ज्ञानेन वैज्ञानिकाध्ययनं प्रति रूचिर्जायते। भाषायाः परिष्कृत स्वरूपं बोधयति। भाषाविज्ञानं वेदार्थज्ञाने साहाय्यं भवति। अनेन ज्ञानेन प्राचीनसंस्कृतेः सभ्यतायाश्च ज्ञानं भवति। भाषाविज्ञानस्य साहाय्येन विविधभाषाणां ज्ञानं भवति।

निष्कर्षः – अतः निष्कर्षत्वेन वक्तुं शक्नुमः यत् अन्यान्यविज्ञानसदृशमेव भाषाविज्ञानस्य क्षेत्रमपि सविस्तृतमस्ति। मानवमात्रस्य भाषया सह अस्य संबन्धः विद्यते। भाषाविज्ञाने भाषाया वर्त्तमानातीतं (अनयोः स्वरूपयोः) अध्ययनं भवति। मानवीयप्रवृत्तेः यावद् सूक्ष्मत्वेन अध्ययनं भाषाविज्ञाने भवति तावदन्यत्र दुर्लभः। भाषाविज्ञानस्य एकस्मिन् पक्षे व्याकरणस्य अध्ययनं भवति तर्हि द्वितीयपक्षे मनोविज्ञानस्य अध्ययनं भवति। तत्र सामान्यविषयेन सह भाषायाः दार्शनिकपक्षस्य समुद्घाटनं जायते। मानवमात्रस्य भाषया सह सम्बद्धत्वात् भाषाविज्ञानं वस्तुतःमानवमात्रस्य कृते अस्ति।

सन्दर्भ–ग्रन्थाः

ऋग्वेदसंहिता, संपादकः त्रिवेदी रामगोविन्दः, चौखम्बा विद्याभवनम्, वाराणसी, १९९१

काव्यादर्शः, संपादकः गुप्त धर्मेन्द्र कुमारः, मेहर चन्द्र लक्ष्मणदासः, दिल्ली, १९९३

भाषाविज्ञानम्, संपादकः लेखकश्च द्विवेदी कपिलदेवः, विश्वविद्यालयप्रकाशनः, वाराणसी, २००५

महाभारतम्, संपादकः, पोद्धारः हनुमानप्रसादः, गीताप्रेस–गोरखपुरम्, १९५८

संस्कृतभाषाविज्ञानम्, संपादकः लेखकश्च द्विवेदी शिवबालकः एवं चतुर्वेदी अवधेशकुमारः, रामबागः कानपुरः, १९७८

- **डॉ. अनिरुद्ध ओझा**
सहायक-प्राध्यापक:
संस्कृत-विभाग:
मैत्रेयी-महविद्यालय:।

संस्कृतभाषा जनभाषा कथं भवेत्

नवशिक्षानीतौ स्पष्टोल्लेखः वर्तते यत् बालस्य प्रारम्भिकी शिक्षा यदि मातृभाषायां प्रदीयेत् तदेयम् अधिका प्रभावशालिनी सिद्ध्यति। ध्यातव्यं यत् भाषाशिक्षणान्तर्गतं 'मातृभाषा' इति पदं प्रयुज्यते, परं पदस्यास्य संरचनायां कोऽपि सम्यग् ध्यानं न प्रददाति। द्वयोः पदयोः संयोगेन 'मातृभाषा' इति पदं निष्पद्यते, यत्र प्रथमं पदं 'मातृ'तथा द्वितीयं पदं 'भाषा'इति अस्ति। 'मातृ'इत्यनेन माता तथा 'भाष्=व्यक्तायां वाचि अनेन धातुना भाषा पदस्य निष्पत्तिर्भवति। यथा 'मातृ' एवं 'भाषा' इति द्वे एव पदे संस्कृतस्य स्तः। एतेन ज्ञायते यत् प्रारम्भिकी शिक्षा संस्कृतमाध्यमेन एव भवेत्। यदि एवं संभवेत् तर्हि संस्कृतभाषा जनभाषायाः पदं प्राप्तुं शक्नोति। यतो हि संस्कृत भाषा स्ववैज्ञानिकतायै विश्वे विश्रुतास्ति। 'संस्कृतम्'vइति पदं सम् उपसर्गपूर्वात् 'कृ' धातोः सुडागमः 'क्त' प्रत्ययोगेन सिद्ध्यति। यस्य मूलार्थः 'संस्कृताभाषा' इति भवति। भषार्थे 'संस्कृतम्' इत्यस्य प्रयोगः वाल्मीकीये रामायणे पूर्वस्मादेव विद्यते। सुन्दरकाण्डे वर्णितमस्ति यत् सीतया सह कया भाषया वार्तालापः क्रियेत् इति। एतद् विचारयन् हनुमानभाषत् यद्यहं द्विजतुल्यः संस्कृतेन वक्ष्यामि तदा सीता मां रावणम् मत्वा भयभीता भविष्यति। यदि वाचम् प्रदास्यामि द्विजातिरिव संस्कृतम्..(सुन्दरकाण्डम्)।

रामायणस्यानेनोद्धरेण स्पष्टमस्ति यत् तात्कालीनसमाजे संस्कृतभाषा जनभाषारूपेण प्रतिष्ठापितासीत्। यदि वर्तमानेऽपि प्रयासः क्रियेत् तर्हि संस्कृतं जनभाषा भवितुं शक्नोति।

वर्तमाने मनोरञ्जनस्य साधनेषु प्रसिद्धं साधनं संगीतं वर्तते। एतत् सर्वविदितमस्ति यत् संगीतस्य वर्णनं सस्कृतवाङ्मये पूर्वमेव आसीत्। तथापि सर्वसाधारणाः जनाः एतेन सत्येन अनभिज्ञाः सन्ति' सामभ्यो गीतमेव, 'यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः'। यथाधुना 'पंजाबी' इति भाषायां संगीतस्य प्रशंसनीयं प्रचलनं वर्तते। 'पंजाबी' लिपिं न जानन्तोऽपि श्रोतारः संगीतपक्षेण भावपक्षेण च तस्य आनन्दम् अनुभवन्ति। तथैव यदि संष्कृतभाषयापि संगीतस्य निर्माणं क्रियेत् गीतानां मध्ये-मध्ये प्रचलित-संस्कृतशब्दानां समावेशः क्रियेत् तथा नूनमेव संस्कृतं जनभाषा भवितुं शक्नोति।

धार्मिक-कर्मकाण्डेऽथवा स्वल्प-शिक्षणपाठ्यक्रमे एवं सीमितं संस्कृतं सम्मानं ददन् उत्तरप्रदेशान्तर्गते झांसीमण्डले मण्डलायुक्तः डॉ. अजयशंकरः पाण्डेयमहोदयः आयुक्त-न्यायालये 'राजस्व व आर्म एक्ट'इति वादस्य निर्णयं देववाण्यां लिपीबद्धं कृतवान्। हिन्दीभाषायाम् तस्य अनुवादं कृत्वा अधिवक्तृवर्गान् च बोधितवान्। अधुना यावत् न्यायव्यवस्थायां आंग्ल-हिन्दी-उर्दू भाषायाः एव उपयोगोऽभूत्। संस्कृत-भाषायां लिखितः एषः प्रथमः ऐतिहासिकः निर्णयः अस्ति। तदवसरे

मण्डलायुक्तः डॉ. अजयशंकर पाण्डेयः अवोचत्- 'संस्कृतं सर्वासां भाषाणां जननी अस्ति। अधिकांशानां जनानां धारणास्ति यत् संस्कृतं क्लिष्टभाषास्ति ते विस्मरन्ति यत् इयं भाषा वैज्ञानिकी भाषास्ति। शिक्षणकालेऽहं संस्कृतम् अपठम्। द्वयोः निर्णयोः संस्कृतभाषायां संघोषणस्य उद्देश्यमस्ति यत् जनाः इमां भाषां प्रति आकर्षिताः भवेयुः निश्चितरूपेण एतादृशेन निर्णयेन संस्कृतस्य जनभाषारूपेण स्थापनायां महती भूमिका भविष्यति। संस्कृतानुरागिणः एतादृशानां महानुभावानां प्रयासस्य महतीं प्रशंसां कुर्वन्ति।

संस्कृते ज्ञानविज्ञानस्यापारः निधिः वर्तते इति जगत्प्रसिद्धम्। अद्यावश्यकता वर्तते यत् संस्कृतम् आकर्षकं मोहकं च भवेत्। एतस्य मोहकरूपम् आकर्षणं च संस्कृताध्येतृषु स्वप्रयासेन प्रतिष्ठापितव्यम् एतदर्थम् उत्पादकस्य विज्ञापनानि, परिवहननामानि, मार्गस्यनिर्देशानि, चिकित्साक्षेत्राणि, गीतसंगीतानि, बैंकिंगकार्याणि, चलचित्रनिर्माणानि इत्यादिभिः संस्कृतम् आकर्षकं मनोमोहकं च कर्तुं शक्यते। यदि वयम् एतत् कर्तुं सफलाः भवेम तर्हि एकदिनं निश्चितमेव संस्कृतम् अस्माकं राष्ट्रे जनभाषापदम् अलंकर्तुं शक्ष्यति।

– **डॉ. धर्मेन्द्र कुमारः**
सहायक-प्राध्यापकः
संस्कृत-विभागः
मैत्रेयी-महविद्यालयः।

काव्यस्यात्मा ध्वनिः

काव्यस्यात्मा ध्वनिः इति काव्यशास्त्रकाराणाम् मूर्धन्यस्य आचार्यवर्यस्य आनन्दवर्धनस्य मतम्। कवेः कृतिः काव्यम् कथ्यते, यद्धि सहृदय- हृदयाहलादकम् भवति। तत्र शब्दार्थमयम् यदि काव्यस्य शरीरम्, तर्हि तस्मिन् सारतया स्थितम् आत्मभूतम् तत्त्वम् किं स्यात् इति विचारसन्दर्भे विविधानि मतानि काव्यशास्त्रकारैरूपादेशिषत्। "रसः काव्यस्य आत्मा" इति एकः पक्षः। "अलङ्कारः काव्यस्य आत्मा" इति अपरः पक्षः। "रीतिः काव्यस्य आत्मा" इति इतरः पक्षः। "वक्रोक्तिः काव्यस्य आत्मा" वक्रोक्तिः काव्यजीवितम् इति अन्यः पक्षः। "औचित्यं काव्यस्य आत्मा" इति तथाप्यपरः पक्षः।

परन्तु काव्यस्यात्मा ध्वनिः इति यत् अथापि पक्षान्तरम् तत् अतीव मान्यम्। अस्य उद्भावकः महान् आचार्यः आनन्दवर्धनः वर्तते। तेन ध्वन्यालोकनामा ग्रन्थः ध्वनिसम्बन्धिना विशदेन विचारेण पूर्णो व्यरचि। तत्रैव काव्यस्यात्माध्वनिरिति पंक्तिः पद्यैकदेशतया प्रयुक्ता प्राप्यते। ध्वनिविवरणभूमिकायामेष आचार्यः स्पष्टीकरोति यत् "ध्वनिः काव्यस्य आत्मा इति पूर्वेषाम् आचार्याणाम् यन्मतम् तत् विप्रतिपति- निरसनपूर्वकम् विशदीकरोमि, येन विदुषाम् सहृदयानां मनसि आनन्दः प्रतिष्ठां लभेत् इति।

अयं ध्वनिः अतिव्यापकः विविधार्थकः भवति। ध्वनति इति ध्वनिः शब्दः अर्थश्च, ध्वननं ध्वनिरिति व्यञ्जनाव्यापारः, ध्वन्यते योऽसौ ध्वनिरिति ध्वन्यमानोऽर्थः, ध्वन्यते यत्र स ध्वनिरित्यनेन काव्यम् ध्वनिरिति सर्वम् लोचनकारस्य मतम्।

यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृत स्वार्थौ ।

व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः॥

इति प्रतिपादयताऽऽनन्दवर्धनेन ध्वनयालोके ध्वनिकाव्यस्य हृद्यं लक्षणम् कृतम्। किन्तु काव्यस्य आत्मा ध्वनिः इत्यत्र यः ध्वनिः सः ध्वनिमानोयोऽर्थः व्यंङ्ग्यरूपः तस्य बोधकः। स च स्थूलतः त्रिविधः-

1. **वस्तुध्वनिः**

भ्रम धार्मिक विस्रब्धः स शुनकोऽध मारितस्तेन ।

गोदानदीकच्छकुञ्जवासिना दृप्तसिंहेन इतिच्छया॥

श्वश्रूरत्र निमज्जति अत्राहं दिवसकं प्रलोकय ।

मा पथिक रात्र्यन्धक शय्यायां मम निमंक्ष्यसि ॥

कस्य वा न भवति रोषो इत्यादौ वस्तुध्वनिः।

2. **अलंकारध्वनिः**

स्वच्छाकेसरिणः स्वच्छस्वच्छायायासितेन्द्धः ।

त्रायन्तां वो मधुरिपोः प्रपन्नार्तिच्छिदो नखाः ॥

इत्यादावलङ्कारध्वनिः।

3. रस ध्वनि:

य: कौमारहर: स एव चैत्रक्षपा

स्ते चोन्मीलितमालतीसुरभय: प्रौढ़ा: कदम्बानिला: ।

सा चैवास्मि तथापि तत्र सुरतव्यापारलीलाविधौ

रेवारोधसि वेतसीतरुतले चेत: समुत्कण्ठते॥

इत्यादौ रसध्वनि: ।

सोऽयं ध्वनि: विस्तरेण ध्वन्यालोकस्य उद्योतचतुष्के विशदम् प्रत्यपादि । तत्र आनन्दवर्धनेन ध्वने: त्रयो विरोधिन: परिकल्पिता: 1) अभाववादी 2) भक्तिवादी 3) अलक्षणीयतावादी च इति। अभाववादिनोऽपि त्रयो विकल्पा: भवन्ति।

तत्र काव्य-सम्बन्धीनि तत्त्वानि- शब्दार्थशरीरम् तावत् काव्यम्, अनुप्रासादय: शब्दस्य उपमादयश्चार्थस्य अलङ्कारा: वैदर्भ्यादयो: रीतय: तदनतिरिक्तवृत्तयो वृत्त्योऽपि उपनागरिकाद्या: इत्यादीनि गण्यन्ते तद्भिन्न: न कोऽपि क्षोददम: ध्वनि: इति प्रथमो विकल्प:।

अप्रसिद्धस्य ध्वने: (ध्वनि- काव्यस्य) लक्षणं कथमपि मान्यं नस्यात् - समान- चित्तेषु केषुचन ध्वने: प्रस्ताव:, समर्थनम्, अनुमोदनञ्च भवन्तु नाम सर्व विद्वज्जन- मान्यता अस्य न स्याद इति द्वितीयो विकल्प: ।

अलङ्कारातिरिक्त: कोऽपि ध्वनि: नैव भवेत् कामनीयम् अनतिवर्तमान: अलङ्काररूप एव कश्चिद् ध्वनिरपि स्यात्, न तु कश्चनध्वनिनामा अपूर्व: पदार्थ: इति तृतीयो विकल्प:। एषां खण्डनं कुर्वन्-

प्रतीयमानं पुनरन्यदेव वस्तवस्ति वाणीषु महाकवीनाम्।

यतत् प्रसिद्धावयवातिरिक्तं विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु॥

इत्यादिभि: कारिकाभि: ध्वने: वाच्यव्यतिरिक्तत्वेन दृढ़ं सद्भावं वर्णयित्वा विविधै: विचारै: च्यविलक्षणं तं सुव्यक्तं परिपोषयन् ध्वने: स्वरूपं साधूपस्थापितवान्। भक्तिवादस्यापि त्रीन् विकल्पान् परिकल्प्य तस्यापि खण्डनं कृतम् तथाहि: –

1. ध्वनिः भक्तया (लक्षणया) एकत्वं न बिभर्ति भिन्नरूपत्वात् । वाच्यभिन्नस्य अर्थस्य वाच्यवाचकाभ्यां यत्र (यः कौमारहरः इत्यादौ) व्यंग्यप्राधान्ये तात्पर्येण प्रकाशनम् स ध्वनिः उपचारमात्रम् भक्तिः।
2. न च ध्वनिः भक्तया लक्ष्यते, अतिव्याप्तेः अव्याप्तेश्च "... (वदति विसिनी पत्र शयनम्) इत्यादि ध्वन्यभावस्थले भक्तेः सत्त्वात् अलक्ष्ये लक्षणप्रवृत्या अतिव्याप्तेः यः कौमारहरः इत्यादौ रस ध्वनि स्थले भक्तेः असत्वात् लक्ष्ये लक्षणासत्वेन अव्याप्तेश्च भक्तिः ध्वनेः लक्षणम् अपि न सम्भवति।
3. भक्तिः ध्वनेः उपलक्षणमपि न मन्तव्या । अनेक- प्रभेद- मध्यात् अन्यतमस्य भेदस्य भक्तिः उपलक्षणं स्यात् इति निर्बन्धश्चेत्, अभिधयैव समग्रालङ्काराणां निर्वाहात् प्रत्येकम् अलङ्काराणां लक्षण- करण- वैयर्थ्यापत्तेः। तस्मात् गुणवृत्या भक्त्या ध्वनिः नोपलक्षयितुं शक्यः इति एवङ्कारं भक्तिवादोऽपि खण्डितः।

अलक्षणीयतावादस्तृतीयो विरोधस्तु अज्ञान- पराहतः खण्डितः एव। विस्तरेण निरुक्तस्य ध्वनेः 'निर्वचनं न सम्भवति' इति कथनम् असामर्थ्यद्योतकमेव केवलम्।

अत्रेदम् अवधेयम्- ध्वनि- शब्दः व्याकरणप्रयोगमूलकः। तत्र श्रूयमाणः शब्दः ध्वनिः कथ्यते, यः स्फोट- व्यञ्जको भवति। एवम् एव साहित्ये वाच्य- वाचक सम्मिश्रः काव्यत्वेन अभिधीयमानः ध्वनिः कथ्यते, यः व्यङ्ग्य- व्यञ्जको भवति। सोऽयं ध्वनि शब्दः विभिन्न व्युत्पत्तिः निष्पाद्यः अनेकार्थः।

इत्थञ्च स ध्वनिरेव वस्त्वलङ्कार- रस प्रभेदभिन्नः अतिव्यापक स्वरूपः काव्यात्मतया आनन्दवर्धनेन प्रतिष्ठापितः, स्वीयेनाति- विशदेन विचारचयेनाभिनवगुप्तपादेन लोचनकारेण परिपोषितः, काव्यप्रकाशकर्ता आचार्येण मम्मटेन च विपुलम् अनुमोद्य दृढ़ीकृतोराजते। अतः काव्यस्यात्मा ध्वनिः इति सिद्धः।

– डॉ. रेखा कुमारी
सहायक-प्राध्यापिका
संस्कृत-विभागः
मैत्रेयी-महविद्यालयः।

लघु-कथा

साधूनां जीवनम्

गङ्गातीरे एकः साधुः आसीत्। सः बहु उपकारं करोति स्म। यः अपकारं करोति तस्यापि उपकारं करोति स्म। एकस्मिन् दिने सः गङ्गानद्यां स्नानं कर्तुं नदीं गतवान्। नदीप्रवाहे एकः वृश्चिकः आगतः। साधुः वृश्चिकं दृष्टवान्। तं हस्तेन गृहीतवान्। तीरे स्थापयितुं प्रयत्नं कृतवान्। किन्तु सः साधोः हस्तम् अदशत्। साधुः तं त्यक्तवान्। वृश्चिकः जले अपतत्। पुनः साधुः वृश्चिकं गृहीत्वा तीरे स्थापयितुं प्रयत्नं कृतवान्। पुनः वृश्चिकः हस्तम् अदशत्। एवम् अनेकवारं साधुः वृश्चिकं गृहीतवान्। वृश्चिकोऽपि वारं-वारमदशत्।

नदीतीरे एकः पुरुषः आसीत्। सः उक्तवान् – साधुमहाराज! अयं वृश्चिकः दुष्टः। सः पुनः पुनः दशति। भवान् किमर्थं तं हस्ते वृथा स्थापयति। वृश्चिकं त्यजतु।

साधुः उक्तवान् – वृश्चिकः क्षुद्रः जन्तुः। दंशनं तस्य स्वभावः। सः स्वस्य स्वभावं न त्यजति। अहं तु मनुष्यः। अहं मम परोपकारस्वभावं कथं त्यजामि। यः अपकारिणाम् अपि उपकारं करोति सः एव साधुः भवति।

चाटुचणकः

आयाति निश्चिते काले किन्तु नास्त्येव निश्चिता।
प्रस्थानाय तिथिर्यस्य तस्मादतिथिरुच्यते॥

– अतिथिः

कश्चन भिक्षुः (संन्यासी) मांसं खादन् आसीत्। तं दृष्ट्वा कश्चित् अपृच्छत् - 'आर्य! किं भवता मांसं सेव्यते?' भिक्षुः अवदत् - 'आम्। किन्तु मांसेन सह मद्यं नास्ति किल इति मम खेदः' इति। प्रष्टा आश्चर्येण अपृच्छत् - 'किं मद्यसेवनाभ्यासः अपि अस्ति भवतः?' इति। 'आम्। यदि वाराङ्गनापि काचित् दद्यात् तर्हि महान् सन्तोषः' इति अवदत् भिक्षुः। 'वाराङ्गनार्थं धनम् आवश्यकं खलु? तत् कथं प्राप्यते?' - प्रष्टा अपृच्छत्। 'तत् तु द्यूतेन चौर्येण वा प्राप्यते' - इति शान्ततया अवदत् भिक्षुः। 'भिक्षुणा सता भवता मांसं मद्यं च सेव्यते । वाराङ्गना उपगम्यते । द्यूतं चौर्यं चापि क्रियते! किम् एतत्

सर्वम्!' इति आश्चर्येण पृष्टवान् प्रष्टा। तदा भिक्षुः खेदेन अवदत् - 'यदि भ्रष्टता प्राप्यते तर्हि एवमेव अधोगतिः भवति क्रमशः। सकृत् भ्रष्टस्य अधःपतनं सहजम्' इति ।

भिक्षो मांसनिषेवणं च कुरुषे किं तेन मद्यं विना
मद्यं चापि तव प्रियं प्रियमहो वाराङ्गनाभिः सह ।
तासामर्थरुचिः कुतस्तव धनं द्यूतेन चौर्येण वा
चौर्यद्यूतपरिग्रहोऽस्ति भवतः भ्रष्टस्य का वा गतिः॥

काचित् प्रेयसी स्वस्य प्रियं विटम् अपृच्छत् - 'आवयोः पुनः मेलनं कदा कुत्र वा भवितुम् अर्हति?' इति। तदा विटः झटिति अवदत् - 'अहमस्मि जारः । भवती अपि जारवृत्तिका एव । आवयोः उभयोः अपि कृत्यं पापाय । एतादृशं पापं ये कुर्वन्ति ते कुम्भीपाकरूपं नरकं गच्छन्ति इति वदन्ति वेदाः । वेदैः यत् उक्तं तत् प्रमाणं यदि स्यात् तर्हि कुम्भीपाकनामके नरके आवयोः मेलनं तु निश्चयेन भविष्यति' इति ।

आवयोर्मेलनं कान्त कदा कुत्र भविष्यति ।
यदि वेदाः प्रमाणं स्युः कुम्भीपाके भविष्यति ॥

ताम्बूलं सर्वे जानन्ति एव। जीवने कदाचित् वा तत् सेवितवन्तः स्युः अपि सर्वे। आयुर्वेदः अपि वदति- ''ताम्बूलस्य सखे त्रयोदश गुणाः'' इति। ताम्बूलस्य त्रीणि अङ्गानि- सुधा, पूगफलं, नागवल्लीपत्रं चेति। ताम्बूलं यत् सेव्यते तत्र सुधाधिक्यं भवतु इति शत्रुः इच्छति। यतः सुधाधिक्ये जिह्वादाहः, ततश्च अस्वास्थ्यम्। शत्रोः एतदेव खलु प्रियम्? वैद्यः इच्छति पूगफलस्य आधिक्यं भवतु इति। पूगफलस्य आधिक्ये अस्वास्थ्यं वर्धते । तस्मात् वैद्यस्य आयोऽपि वर्धते। पत्राणि रागं (रक्तवर्णतां) वर्धयन्ति। अतः पत्नी तम् इच्छति। माता तु त्रितयस्यापि समत्वम् इच्छति। त्रितयस्य समत्वे एव आरोग्यकरत्वम्। पुत्रस्य हितम् एव खलु मातुः प्रियतमम्?

सुधाधिक्यं स्पृहेच्छत्रुः फलाधिक्यं स्पृहेत् भिषक् ।
पत्राधिक्यं स्पृहेज्ज्ञाया माता तु त्रितयं स्पृहेत्॥
कौपीनं भस्मना लेपो दर्भाः रुद्राक्षमालिका ।
मौनमेकान्तिता चेति मूर्खसञ्जीवनानि षट्॥

मूर्खोऽपि सुखेन यदि जीवितुम् इच्छति तर्हि तेन कौपीनं धृत्वा भस्मना शरीरस्य लेपनं करणीयम्। दर्भासने उपविश्य रुद्राक्षमालिका चालनीया हस्तेन। एकान्ते वसता तेन मौनम् अवलम्बनीयम् । एतावत् कृतं चेत् जनाः अहमहमिकया आगत्य प्रणमन्ति, अर्चन्ति, सत्कुर्वन्ति च। अतः मूर्खता अस्ति चेदपि चिन्ता न करणीया। वेषधारणात् जनप्रीतिः प्राप्तुं शक्या निश्चयेन।

स्मृते सीदन्ति गात्राणि दृष्टे प्रज्ञा विनश्यति।
अहो महदिदं भूतमुत्तमर्णाभिशब्दितम्॥

यस्य स्मरणमात्रेण शरीरं शक्तिहीनं भवेत्, यस्य दर्शनात् बुद्धिः कार्यासमर्था भवेत् सः कः? स तु अस्ति 'ऋणदाता'। तस्य महापिशाचस्य पीडा तु अवर्णनीया। अतः एव स्मरणमात्रात् एव शरीरे कम्पः। दर्शनेन तु जङ्घाबलं विलुप्यते! अतः एव प्राचीनैः उक्तम् - 'ऋणगर्ते पतनं विनाशाय' इति।

भाण्डानि शतसहस्रं भग्नानि मम मस्तके ।
अहो गुणवती भार्या भाण्डमूल्यं न याचते॥

कश्चन शान्तस्वभावः आसीत्। तस्य पत्नी तु चण्डी । यदा यदा कोपः प्राप्यते तदा तदा सा मृद्घटेन पतिं शिरसि प्रहरति । एवं शताधिकाः सहस्राधिकाः च घटाः भग्नाः । एतादृशीम् अपि पत्नीं सः वर्णयति - 'अहो, सा गुणवती!' इति । 'बहुवारं घटाः भग्नाः चेदपि तया एकवारम् अपि भाण्डमूल्यं न याचितम् । अतः सा गुणवती एव' इति अभिप्रैति सः । पीडाकरीं पत्नीम् अपि गुणवतीं कथयतः तस्य कथनं वयं किमर्थं निराकुर्याम?

घटं भिन्द्यात् पटं छिन्द्यात् कुर्यात् रासभरोहणम् ।
येन केन प्रकारेण प्रसिद्धः पुरुषो भवेत्॥

